■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-10 अंक-27

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 04 अगस्त 2025



मालेगांव धमाके में मोदी का नाम ले लो तो पीटेंगे नहीं, तुम्हें छोड़ देंगे: प्रज्ञा ठाकुर 7

खेरेपति बाबा मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायज़ा 8

# गोंडा में बोलेरो नहर में गिरी, 12 की मौत

## गाड़ी में छटपटाते रहे, बाहर नहीं निकल पाए; एक परिवार के 9 लोग





बीना (44) पत्नी प्रहलाद | काजल (22) पुत्री प्रहलाद | महक उर्फ रिंकी (14) पुत्री प्रहलाद | रामकरण (36) भाई प्रहलाद | अनसुईया (34) पत्नी रामकरण | शुभ (7) पुत्र रामकरण | बेटी सौम्या (9) पुत्री रामकरण | दुर्गेश नंदिनी (35) पत्नी रामरूप | अमित (14) पुत्र रामरूप

यूपी के गोंडा में रविवार सुबह 10 बजे तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। इनमें 3 भाइयों के परिवार के 9 लोग थे, जबकि 2 लोग पड़ोसी परिवार के थे। छोटे भाई का पूरा परिवार खत्म हो गया। ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए। इनके अलावा 10 साल की बच्ची लापता हो गई थी। स्ष्ठक्रन्न टीम ने 7 घंटे बाद घटनास्थल से 8 किलोमीटर दूर उसकी लाश बरामद की।

बोलेरो सवार 16 लोग जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे। सभी गोंडा के मोतीगंज थाना के सीहा गांव के रहने वाले थे। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी नहर के गिरने के बाद एक भी शख्स बाहर नहीं निकल पाया। बारिश के चलते नहर में लबालब पानी भरा है। नहर में गिरते ही गाड़ी पूरी तरह से डूब गई। उसके गेट लॉक हो गए। अंदर बैठे लोग छटपटाते रहे और तड़प-तड़पकर उनकी मौत हो गई।

गाड़ी नहर के किनारे बनी सड़क से निकल रही थी। नहर क्रॉस करके जाना था। पुलिया के पास अचानक ड्राइवर ने ब्रेक मारा। तेज स्पीड और बारिश होने की वजह से गाड़ी बेकाबू होकर नहर में गिरने लगी।

इस पर ड्राइवर गेट खोलकर कूद गया। आगे की सीट में बैठे 2 लोग भी बाहर आ गए। बच्ची पिंकी बीच में खड़ी थी। झटके से वह भी ड्राइवर साइड के गेट से बाहर आ गई। इसके बाद बोलरो नहर में गिर गई।

जहां हादसा हुआ, वहां आसपास ग्रामीण थे। बोलेरो नहर में गिरती देख वो लोग बचाने के लिए पानी में कूद गए, लेकिन गेट नहीं खोल पाए। रस्सी बांधकर बोलेरो को किनारे तक लाए, तब जाकर गाड़ी का कुछ हिस्सा बाहर आया। बमुश्किल खिड़की का शीशा तोड़कर एक-एक को बाहर निकाला। तब तक सभी की मौत हो चुकी थी।

हादसे के बाद के कई वीडियो सामने आए हैं। इसमें सड़क पर 11 लाशें पड़ी हैं। पानी में डूबी बोलेरो का ईंट से शीशा तोड़ते हुए युवक नजर आ रहे। पुलिस के मुताबिक, हादसे के वक्त कार की स्पीड 60 किमी प्रति घंटे थी।

हम सभी लोग मंदिर जा रहे थे। जिस वक्त हादसा हुआ, हम लोग भजन गा रहे थे। अचानक हमारी गाड़ी फिसल गई और नहर में जा गिरी। इसके बाद क्या हुआ, कुछ भी याद नहीं। सब कुछ धुंधला सा हो गया।

हादसे में चाचा की मौत हो चुकी थी, लेकिन भतीजी पिंकी रोते हुए उनको सीपीआर देकर जिंदा करने की कोशिश करती रही। लोगों ने पिंकी को समझाया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी।

हादसे में चाचा की मौत हो चुकी थी, लेकिन भतीजी पिंकी रोते हुए उनको सीपीआर देकर जिंदा करने की कोशिश करती रही। लोगों ने पिंकी को समझाया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी।

मृतकों में 6 महिलाएं और 3 बच्चे मृतकों में 6 महिलाएं, 2 पुरुष और 3 बच्चे हैं। मृतकों में सीहा गांव निवासी प्रह्लाद की पत्नी बीना (44), दो बेटियां काजल (22), महक उर्फ रिंकी (14), प्रह्लाद के भाई रामकरण (36), रामकरण की पत्नी अनसुइया (34), बेटा शुभ (7), बेटी सौम्या (9), प्रह्लाद के सबसे छोटे भाई रामरूप की पत्नी दुर्गेश नंदिनी (35), बेटा अमित (14) शामिल हैं।वहीं, रामरूप की एक बेटी रचना (10) लापता है। इसके अलावा प्रह्लाद के पड़ोसी रामललन वर्मा की पत्नी संजू (26) और बहन गुड़िया उर्फ अंजू (20) की भी मौत हो गई। हादसे में प्रह्लाद का एक बेटा सत्यम और एक बेटी पिंकी घायल हैं। पड़ोसी रामललन और ड्राइवर सीतारमण भी घायल हैं।

मंदिर का आधा सफर हुआ था सभी मोतीगंज थाने के सीहा गांव के रहने वाले थे। बोलेरो में प्रह्लाद कसौधन का परिवार और उनके रिश्तेदार थे। हालांकि, वह नहीं थे। प्रह्लाद का गांव में मेवालाल माध्यमिक विद्यालय नाम से इंटर कॉलेज है। वह प्रबंधक हैं। सुबह साढ़े 9 बजे सभी मंदिर दर्शन के लिए निकले थे। गांव से पृथ्वीनाथ मंदिर की 50 किमी है। गाड़ी से आधे से ज्यादा सफर यानी 30 किमी पूरा कर लिया था।

**8 किलोमीटर दूर मिला रचना का शव**

घटना के 7 घंटे बाद रचना का शव बरामद हो गया। दरअसल, एसडीआरएफ ने शव को खोजने के लिए नहर के पानी को रुकवाया था।

पानी रुकने के बाद जैसे ही बहाव धीमा हुआ, रचना का शव पानी की सतह पर तैरने लगा। घटनास्थल से 8 किलोमीटर दूर उसका शव उतराता हुआ मिला।कमिश्नर पहुंचे मृतकों के घर मिश्नर देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील, मृतकों के घर पहुंचे। परिजनों से मुलाकात कर कमिश्नर ने शोक संवेदना व्यक्त की। लापता रचना की तलाश को लेकर परिजनों को आश्वासन दिया।

**प्रहलाद की भांजी बोली- सुबह 11 बजे घटना की सूचना मिली**

प्रहलाद की भांजी एक साल से मामा के घर रहकर पढ़ाई कर रही है। उसने बताया कि मामा का परिवार दर्शन के लिए पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहा था। सुबह 11 बजे हादसे की सूचना स्कूल के कप्तान सर ने दी थी।

**डेढ़ घंटे में 6 शवों का पोस्टमॉर्टम**

गोंडा जिला मुख्यालय स्थित पोस्टमॉर्टम हाउस में सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा की निगरानी में सभी 11 शवों का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। तीन डॉक्टरों की टीम पोस्टमॉर्टम कर रही है। डेढ़ घंटे में 6 शवों का पोस्टमॉर्टम हो चुका है। सभी शवों का पोस्टमॉर्टम हो जाने के बाद एक साथ गांव मोतीगंज भेजा जाएगा।

# तेजस्वी यादव की बढ़ीं मुश्किलें! दो वोटर आईडी मामले में चुनाव आयोग ने जारी किया नोटिस, मांगा स्पष्टीकरण

पटना। चुनाव आयोग ने आज बिहार के नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को नोटिस भेज कर कथित तौर पर दो अलग-अलग मतदाता फ़ोटो पहचान कार्ड (एपिक) नंबर रखने के लिए स्पष्टीकरण माँगा है।

चुनाव आयोग ने रविवार को भेजे गये अपने नोटिस में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद एक अगस्त को प्रकाशित ड्राफ्ट सूची से अपना नाम बाहर होने के तेजस्वी यादव के दावे को खारिज किया है और इस संबंध में उनके बयान का हवाला देते हुए कहा है कि राजद नेता ने अपना एपिक नंबर आरएबी 2916120 बताया था।चुनाव आयोग ने अपने नोटिस में कहा कि सत्यापन के बाद दीघा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ने पाया कि एपिक नंबर आरएबी 2916120 आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया है। नोटिस में चुनाव आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा कि तेजस्वी यादव के मतदाता पहचान पत्र का वास्तविक मतदाता पहचान पत्र क्रमांक आरएबी 0456228 है और इस मामले में राजद नेता से स्पष्टीकरण माँगा गया है।

तेजस्वी यादव के मतदाता पहचान पत्र का विवरण देते हुए, चुनाव आयोग ने कहा कि उनका नाम मतदान केंद्र संख्या 204 (बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन) के क्रमांक 416 पर दर्ज है और मतदाता पहचान पत्र क्रमांक आरएबी 0456228 है। चुनाव आयोग ने राजद नेता से 2 अगस्त को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके द्वारा उल्लिखित मतदाता पहचान पत्र क्रमांक आरएबी 2916120 का विवरण, मूल मतदाता पहचान पत्र सहित, उपलब्ध कराने को कहा है ताकि विस्तृत जाँच की जा सके। चुनाव कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि तेजस्वी यादव का नाम आधिकारिक मतदाता सूची के प्रारूप में वैध मतदाता पहचान पत्र क्रमांक के साथ मौजूद है और तेजस्वी यादव द्वारा प्रदान किया गया दूसरा मतदाता पहचान पत्र क्रमांक अनधिकृत और अनाधिकारिक प्रतीत होता है।

इस बीच नोटिस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर पक्षपात और कुप्रबंधन का आरोप लगाया है और कहा कि उनके द्वारा मतदाता पुनरीक्षण पर उठाए गए गम्भीर सवालों पर चुनाव आयोग चुप है। उल्लेखनीय है कि राजद नेता ने मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन के बाद दावा किया था कि न केवल उनका, बल्कि कई प्रमुख लोगों के नाम भी मसौदे से गायब हैं। इस बीच चुनाव आयोग ने नेता प्रतिपक्ष के उस आरोप का भी खंडन किया जिसमे दावा किया गया था कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व्यास जी और उनकी पत्नी का नाम भी ड्राफ्ट सूची से गायब है।

# ये बेतुका है... चुनाव आयोग ने चिदंबरम के दावे को किया खारिज, कहा- मत फैलाओ गलत जानकारी

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु में 6.5 लाख मतदाताओं के नाम जोड़ने के पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम के दावे को रविवार को गलत करार देते हुए खारिज कर दिया और कहा कि बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को तमिलनाडु से जोड़ना बेतुका है, जहां एसआईआर अभी तक शुरू नहीं किया गया है। पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया कि तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों को मतदाता के रूप में पंजीकृत किया जा रहा है, जो कि दक्षिणी राज्य की जनता द्वारा अपनी पसंद की सरकार चुनने के अधिकार में गंभीर हस्तक्षेप है। चिदंबरम ने कहा, ''एक ओर बिहार में 65 लाख मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने का खतरा है, तो दूसरी



तरफ तमिलनाडु में 6.5 लाख लोगों को मतदाता के रूप में जोड़ने की खबरें चिंताजनक व स्पष्ट रूप से अवैध हैं।''

उन्होंने कहा, ''प्रत्येक भारतीय को किसी भी राज्य में रहने और काम करने का अधिकार है, जहां उसका एक स्थायी घर हो.... निर्वाचन आयोग इस निष्कर्ष पर कैसे पहुंचा कि कई लाख लोगों को, जिनके नाम बिहार की वर्तमान मतदाता सूची में हैं, बाहर किया जाना चाहिए, क्योंकि वे राज्य से स्थायी रूप से पलायन कर गए थे?'' चिदंबरम ने कहा, ''मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के लिए किसी व्यक्ति के पास एक निश्चित और स्थायी कानूनी घर होना चाहिए। प्रवासी मजदूर का बिहार (या किसी अन्य राज्य) में ऐसा घर है। वह तमिलनाडु में मतदाता के रूप में कैसे पंजीकृत हो सकता है?'' उन्होंने कहा कि अगर प्रवासी मजदूर के परिवार का बिहार में एक स्थायी घर है और बिहार में रहता है, तो प्रवासी मजदूर को तमिलनाडु में स्थायी रूप से बसा हुआ कैसे माना जा सकता है? चिदंबरम ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहा है और राज्यों के चुनावी चरित्र और स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रहा है।'' निर्वाचन आयोग ने 'एक्स' पर एक तथ्यान्वेषी पोस्ट में कहा कि ऐसे बयान भ्रामक और निराधार हैं। उसने कहा कि अनुच्छेद 19(1)(ई) के अनुसार, सभी नागरिकों को भारत के क्षेत्र के किसी भी हिस्से में निवास करने और बसने का अधिकार है। आयोग ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 19(बी) के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति जो किसी निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी है, उस निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में पंजीकृत होने का हकदार है। आयोग ने कहा कि यह मतदाताओं पर है कि वे आगे आएं और उस निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकृत हों जिसके लिए वे पात्र हैं।

आयोग ने स्पष्ट किया, ''इसलिए, मूल रूप से तमिलनाडु से संबंधित, लेकिन सामान्यत: दिल्ली में रहने वाला व्यक्ति, दिल्ली में मतदाता के रूप में पंजीकृत होने का हकदार है। इसी प्रकार, मूल रूप से बिहार से संबंधित, लेकिन सामान्यत: चेन्नई में रहने वाला व्यक्ति, चेन्नई में मतदाता के रूप में पंजीकृत होने का हकदार है।'' उसने कहा कि राजनीतिक नेताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर की जा रही एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में गलत जानकारी फैलाने की कोई आवश्यकता नहीं है। आयोग ने कहा, ''निर्वाचन आयोग के संज्ञान में आया है कि इस प्रक्रिया में बाधा डालने के उद्देश्य से मीडिया में जानबूझकर ऐसी जानकारी फैलाई जा रही है। जहां तक बिहार से स्थायी रूप से दूसरे राज्यों में स्थानांतरित हो चुके और उन राज्यों में सामान्य रूप से रहने वाले मतदाताओं का सवाल है, तो सटीक आंकड़े एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही पता चल पाएंगे।''

# लखीमपुर खीरी में मारपीट में घायल युवक की मौत के बाद बवाल, सैधरी बाईपास पर जाम

लखीमपुर खीरी। शहर से सटे सैधरी गांव निवासी युवक की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक शनिवार को हुई दो पक्षों की मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुआ था। मौत की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और शव को लेकर सैधरी बाईपास पर पहुंच गए। जहां शव रखकर करीब दो घंटे तक जाम लगाया गया। पुलिस की लापरवाही और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की गई। सूचना पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों के समझाने और सख्त कार्रवाई के आश्वासन पर परिजन माने और जाम समाप्त हुआ।



शनिवार सुबह सैधरी निवासी नितिन भार्गव गांव के पास उल्ल नदी पुल के समीप टहलने गया था। आरोप है कि युवती से मिलने के शक में कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया और मारपीट कर नदी में धकेल दिया। उसके गले पर गड़ासा और शरीर में भाला घोंपने की भी बात कही जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही नितिन का भाई अमित भार्गव, निहाल और महेश मौके पर पहुंचे। इसी बीच दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला किया गया, जिसमें अमित, निहाल और महेश गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से वसीम और कलीम भी घायल हुए।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर रविवार को अमित को लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन शव लेकर सैधरी बाईपास पहुंचे और जाम लगा दिया। मृतक की मां सावित्री देवी ने आरोप लगाया कि घायल बेटे को पुलिस समय से अस्पताल नहीं ले गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत का भी आरोप लगाया गया।

सूचना पर शहर कोतवाल हेमंत राय, सीओ सिटी रमेश तिवारी सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। इस दौरान काफी देर तक हंगामा और नोकझोंक हुई। भाजपा और हिंदू युवा वाहिनी के नेताओं ने भी मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को समर्थन दिया। परिजन आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और अवैध झुग्गी बस्ती हटाने की मांग पर अड़े रहे। सीओ सिटी के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ, लेकिन परिजनों ने अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया।

# कांवड़ यात्रा: चौपला पर जाम में फंसे सैकड़ों वाहन, लोग परेशान

गजरौला, । कांवड़ यात्रा के चलते शहर के चौपला पर चारों तरफा जाम लग गया। सैकड़ों वाहन जाम में घंटों फंसे रहे। लोगों को परेशानी हुई। जाम खुलवाने में पुलिस का पसीना छूट गया।

सावन माह के अंतिम सोमवार को लेकर कांवड़ियों की संख्या बढ़ने लगी। हालांकि दूसरे जिलों से भारी वाहनों का रूट डायवर्ट नहीं किया गया था जिसके चलते रविवार को चौपला पर कई बार जाम के हालात बन गए। घंटों तक जाम में फंसे रहने पर वाहन सवार लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

फिलहाल हाईवे पर ट्रैफिक जीरो चल रहा है। दरअसल गांव ओसीतापुर जगदेपुर में ट्रैफिक को निकालने के लिए की गई कैंची व्यवस्था की वजह से जाम के हालात बन रहे है।

इसके पहले सावन के दूसरे सोमवार पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर दस किलोमीटर लंबा जाम लग गया था। अंतिम सोमवार पर भी भीड़ बढ़ रही है। ऐसे में जाम खुलवाने में पुलिस का पसीना छूटता दिख रहा है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि रात जाम लगा था। जिसे खुलवा दिया था।

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को

रक्षाबन्धन की हार्दिक शुभकामनाएं





सम्पादक (बी.पी.साहू)

मो.8423454502,

व्हाट्सअप 9335908846

बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें

www.bpsnews.in

# संपादकीय

## रैगिंग के बदले तरीके

यह विडंबना है कि नियामक संस्था की सख्ती और शिक्षण संस्थाओं की सक्रियता के बावजूद रैगिंग का रोग काबू में नहीं आ रहा है। जब-तब कुछ छात्रों के आत्महत्या करने और कई मामलों में दोषी छात्रों के निलंबन व पुलिस कार्रवाई के मामले भी अक्सर उजागर होते हैं, मगर मर्ज है कि लाइलाज होता जा रहा है। सीनियर छात्र नये छात्रों को परेशान करने के लिये नये-नये तौर-तरीके तलाश लेते हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले यूजीसी ने देश के 89 उच्च शिक्षा संस्थानों को कारण बताओ नोटिस जारी करके सख्त हिदायत दी है कि रैगिंग पर नियंत्रण करने वाले नियमों को सख्ती से क्यों लागू नहीं किया गया। यूजीसी ने इन उच्च शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों को चेताया है कि इन संस्थाओं के परिसर में छात्रों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता है। अब जब देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में नये छात्रों के प्रवेश का सिलसिला आरंभ होने वाला है, यूजीसी ने एक बार फिर सख्ती दिखाई है। उसने रैगिंग के नये तौर-तरीकों से कड़ाई से निपटने का निर्देश दिया है। दरअसल, विभिन्न प्रसंगों में देखा गया है कि सीनियर छात्र नये छात्रों को परेशान करने के लिये नये तौर-तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं। यूजीसी के मुताबिक, ऐसे मामले प्रकाश में आये हैं कि सीनियर छात्र अनौपचारिक व्हाट्सएप समूह बनाकर नये छात्रों को उससे जुड़ने के लिये बाध्य करते हैं। फिर छात्रों के मानसिक उत्पीड़न का सिलसिला आरंभ हो जाता है। यही वजह है कि यूजीसी ने नये छात्रों को परेशान करने के इस नये तरीके के प्रति शिक्षा संस्थानों के अधिकारियों को चेताया है कि ऐसे मामले भी रैगिंग विरोधी नियमों के दायरे में आते हैं। इन मामलों में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालय, शैक्षणिक संस्थानों व कालेजों को रैगिंग मुक्त वातावरण बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।निश्चित रूप से नया सत्र शुरू होने से पहले यूजीसी की यह सक्रियता व सार्थक पहल स्वागत योग्य है। ऐसे में उच्च शिक्षण संस्थानों और कालेज प्रबंधन का दायित्व बनता है कि वे रैगिंग के नये तौर-तरीकों की सतर्कता से निगरानी करें। ताकि इसका इस्तेमाल नये छात्रों को आतंकित करने तथा अपमानित करने के लिए न किया जा सके। यह विडंबना ही है कि सीनियर छात्र नये छात्रों को परेशान करने के लिये नये-नये तरीके निकाल लेते हैं। यही वजह है कि नये छात्रों की शिकायतें लगातार सामने आती रहती हैं। पिछले सत्र में शिकायतें मिलीं कि सीनियर छात्र अनौपचारिक व्हाट्सएप ग्रुप में नये छात्रों को शामिल करके उन्हें धमकाते हैं। उन पर अपमानजनक नियम थोपते हैं। उन पर न केवल व्यंग्य करते हैं बल्कि गालियां भी देते हैं। ऐसे में नये भविष्य के लिए उत्साहित छात्र नयी परिस्थितियों में खुद को ढालने की कोशिश में विफल हो जाते हैं। उन्हें कई तरह से मानसिक व शारीरिक कष्टों तक का सामना करना पड़ता है।

# दामों संघर्ष की डगर पर डर-शर्म की टूटती बाधाएं

**एक ट्रक पर छोटे-छोटे भगवा वस्त्र पहने दो महिलाएं वहां मौजूद पुरुषों के मनोरंजन के लिए नाच रही थीं, चूंकि वे ऐसा करना चाहती थीं, तो किसी और को उन्हें यह कहने का अधिकार नहीं है कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए या उन्हें किस तरह के कपड़े पहनने चाहिए। अगर आपको लगता है कि यह आपके लिए पर्याप्त रूप से संस्कारी नहीं है, तो यह आपकी समस्या है।इसलिए जब वर्णिका, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट जैसी महिलाएं लंबी लड़ाई के लिए तैयार हैं, तो असल में वे डर-झिझक की बाधाओं को तोड़ रही हैं। उन्हें अच्छी तरह मालूम है कि यह लड़ाई लंबी खिंचेगी। लेकिन उनके आत्मविश्वास का मंत्र यह है कि 'लोग क्या कहेंगे', अब बीते कल की बात है - यूं भी, कुछ न कुछ तो लोग कहेंगे - अपनी सरलता लिए यह साहस बहुत अद्भुत है।जहां तक सेंसर बोर्ड द्वारा सुपरमैन के चुंबन दृश्य को काटने की बात है, तो शायद बोर्ड के सदस्यों को पूर्ण सरकारी खर्च पर खजुराहो या कोणार्क मंदिरों की यात्रा पर भेजा जाना चाहिए - दोनों ही भाजपा शासित राज्यों में स्थित हैं -**



महिलाओं के खिलाफ बढ़ते यौन अपराधों के आंकड़े चिंताजनक हैं। साल 2012 में निर्भया कांड के बाद कई सकारात्मक कदमों के बावजूद इस दिशा में काम अधूरा है। हाल की कई घटनाओं में यह उजागर भी हुआ। लड़ाई नियंत्रण वाली सोच और सहमति के बीच है। भारत की बेटियां दशकों से समानता के लिए लड़ रही हैं। वर्णिका कुंडू, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट जैसी महिलाएं लंबी लड़ाई के लिए तैयार हैं।इस महीने चार दृश्य ऐसे रहे जो भारत में महिला और फीमेल सेक्सुएलिटी की दशा को परिभाषित करते हैं।पहला, ओडिशा के बालासोर में एक युवा कॉलेज छात्रा ने आत्महत्या कर ली, वह अपने प्रोफेसर द्वारा 'संबंध' बनाने के दबावों का विरोध कर रही थी। दूसरा, वायरल हुई एक वीडियो में एक ट्रक पर भगवा लहंगा-चोली पहनकर नाचती दो महिलाओं द्वारा कांवड़ियों का मनोरंजन करने वाला दृश्य, जो बॉलीवुड की वास्तविक जीवन में नकल का बिल्कुल सही उदाहरण है। तीसरी, सेंसर बोर्ड द्वारा सुपरमैन और उसकी प्रेमिका लोइस लेन के बीच 33 सेकंड लंबे चुंबन दृश्य को काट देना, क्योंकि उसे लगता है कि यह भारतीय दर्शकों के लिहाज से 'अत्यधिक कामुक' है।

और चौथा दृश्य रहा, हरियाणा भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के बेटे विकास को सहायक महाधिवक्ता नियुक्त किया जाना, इस तथ्य के बावजूद कि उस पर 2017 में, चंडीगढ़ में, एक युवती वर्णिका कुंडू का पीछा करने और अपहरण के प्रयास का आरोप है। तब वह पांच महीने जेल में भी रहा था। यह आपराधिक मामला है। आठ साल हो गए, लेकिन मुकदमा अभी भी चला ही जा रहा। शायद चंडीगढ़ में न्याय का पहिया बहुत धीरे घूमता है।शायद हरियाणा के बारे में कुछ है। साथ ही, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और देश के बाकी हिस्सों में भी, जहां महिलाओं के खिलाफ यौन अपराध हर साल बढ़ रहे हैं। हम में से जिनकी याद्दाश्त ठीक है, उन्हें दिसंबर 2012 में दिल्ली में एक लड़की के साथ हुआ सामूहिक बलात्कार याद होगा, जिसे हम %निर्भया% के नाम से जानते हैं - हालांकि असली नाम कुछ ओर था - एक ऐसी लड़की जो आलोक और साहस दोनों से परिपूर्ण थी - यह घटना उस लड़ाई में महत्वपूर्ण मोड़ रही, जो भारत की बेटियां दशकों से समानता के लिए लड़ती आई हैं।

प्रधानमंत्री मोदी को उस समय भान था कि दिल्ली गैंगरेप कांड कांग्रेस को 2014 के आम चुनाव में देशभर में और फिर अगले साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार का बड़ा कारण रहा। तभी मोदी ने %बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ% का ऐसा नारा दिया, जो पूरे देश में गूंज उठा। उन्होंने महिलाओं को सरकारी योजनाओं के पहले लाभार्थियों के रूप में, सबसे आगे रखा, उन्हें एक वोट बैंक और यहां तक कि कोटा में तब्दील कर दिया - भविष्य में किसी समय 33 प्रतिशत महिला सांसद चुने जाने की उम्मीद है, हालांकि यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं कि कब। फिर भी, यह एक प्रण है और कोई भी इससे पीछे नहीं हट सकता।प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के तीसरे कार्यकाल में, महिलाओं की लड़ाई अभी भी हर दिन जारी है। साल 2012 में, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार उस साल 25000 बलात्कार के मामले दर्ज हुए थे। वहीं 2016 में 36000 संख्या के साथ मामले चरम पर थे। साल 2022 में, जिस बार के आंकड़े अंतिम बार उपलब्ध हैं, बलात्कार के 31000 केस दर्ज थे।

2018 में, वर्णिका कुंडू द्वारा चंडीगढ़ के एक थाने में विकास बराला के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने के एक साल बाद, हर 15 मिनट में एक बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज हुई। आंकड़ों में राजनेताओं द्वारा खुद को दोष-मुक्त रखना भी अंतर्निहित है। यौन उत्पीड़न या यौन उत्पीड़न के प्रयास के आरोपियों की सूची में विकास बराला का नाम नवीनतम है। अब तक की इस सूची में पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह, कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी, फिलहाल निलंबित पूर्व जनता दल-एस सांसद प्रज्वल रेवन्ना, पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर व कई अन्य नाम शामिल हैं।

जिस एक कारण से शायद राजनेताओं को लगता है कि वे बच निकलेंगे, वह है कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम का पंजीकृत राजनीतिक दलों पर लागू नहीं होना - बीते शुक्रवार ही सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें कहा गया कि इनपर भी यह कानून समान रूप से लागू होना चाहिएऔर फिर, सामाजिक परिदृश्य में 2012 के दिल्ली गैंगरेप कांड के बाद, काम अभी भी अधूरा है - इस माह की शुरुआत में बालासोर में छात्रा की आत्महत्या से हुई बेहद दुखद मौत, जब वह अपने प्रिंसिपल को कथित छेड़छाड़ से निजात दिलाने की गुहार लगाती रही - लेकिन उसने कुछ नहीं किया - इसके बाद अब विकास बराला की नियुक्ति पर वर्णिका कुंडू का साहसिक ब्यान आया है।वर्णिका ने एक अखबार को बताया : 'किसी को सार्वजनिक पद पर नियुक्त करना महज एक राजनीतिक निर्णय नहीं - यह मूल्यों और मानकों का प्रतिबिंब है, मैं न्याय पाने के लिए लड़ने को तैयार हूं। किसी को तो उन मूक महिलाओं के लिए खड़ा होना ही होगा, जिनके पास कोई ताकत नहीं है'।वर्णिका की कहानी को संक्षेप में बताएं तो, अगस्त 2017 की एक रात वह घर लौट रही थी और उसने पाया कि एक कार, जिसमें दो व्यक्ति विकास बराला और उसका दोस्त आशीष सवार थे, उसका पीछा कर रही है। उनकी हरकतों ने उसे गली में जाने को मजबूर किया, जहां पर उसका रास्ता रोकने की कोशिश की गई। उन्होंने उसको पकड़कर गाड़ी में डालने की कोशिश की। तब उसने उनके खिलाफ नजदीकी पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था।अगले महीने यानी अगस्त की शुरुआत में आठ साल पूरे हो जाएंगे। अब तक 102 सुनवाइयां हो चुकी हैं। मामला अभी किसी नतीजे पर पहुंचने के करीब नहीं लगता, लेकिन जिस तरह से सरकार ने आरोपी को एक प्रतिष्ठित पद पर नियुक्त किया है, उससे किसी को भी हैरानी होगी कि क्या न्याय वाकई अंधा है!निश्चित रूप से, यह लड़ाई नियंत्रित करने और सहमति के बीच है। आप किसी दूसरे व्यक्ति पर उसकी मर्जी के बिना अपनी शक्ति का इस्तेमाल किस हद तक सकते हैं? निश्चित रूप से, अगर बीते हफ़्ते की शुरुआत में जब कांवड़ियों के साथ चल रहे ।

# आंतरिक ध्वनि चिकित्सा है गुनगुनाना

जब बच्चा छोटा होता है तो मां बच्चे को लोरी गाकर सुनाती है। लोरी गाते-गाते वह कई बार गुनगुनाती भी है। यह गुनगुनाना न केवल मां-बच्चे को मानसिक शांति प्रदान करता है, अपितु उनके आपसी बंधन को भी मजबूत करता है।क्या आपने काम करते समय कोई गीत या ध्वनि गुनगुनाई है। अवश्य गुनगुनाई होगी। आपको यह पता होना चाहिए कि गुनगुनाना मात्र छोटी-सी बात नहीं है, अपितु इस गुनगुनाहट में बहुत सारे जीवन के सकारात्मक सार छिपे हुए हैं। यह गुनगुनाहट 'आंतरिक ध्वनि चिकित्सा' है जो व्यक्ति के जीवन के टूटे-फूटे तारों की मरम्मत करती है और उनके अंदर एक नई ऊर्जा एवं ध्वनि का संचार करती है। नादब्रह्म, ध्यान में गुंजार ऊर्जा का असीम स्रोत है। इस संदर्भ में ओशो कहते हैं कि, 'हां, यह ऊर्जा का एक बड़ा स्रोत है। हम अपने जीवन के स्रोतों को नहीं जानते और यह नहीं जानते कि उन स्रोतों से कैसे जुड़ें?' शोध बताते हैं कि 'भंवरे की तरह गुनगुनाना यानी कि हमिंग करने से न केवल तनाव कम होता है, अपितु इससे मूड भी सकारात्मक होता है। शरीर के अंदर से विषैले तत्व बाहर निकलते हैं और पेट संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं। स्वीडिश वैज्ञानिकों ने भी अपने एक शोध में यह पाया कि 'गुनगुनाने से मस्तिष्क में ऑक्सीजन की मात्रा में सुधार होता है।'जब हमारा तन किसी ध्वनि को मन से गुनगुनाता है तो तन-मन का कंपन एक तालमेल में आ जाता है और उनका संघर्ष खत्म हो जाता है। इस संघर्ष के खत्म होने से ऊर्जा का ह्रास होने से बच जाता है। मन को शांति का अहसास होता है। गुनगुनाना हमारे मस्तिष्क की वेगस तंत्रिका को उत्तेजित करता है, जो पैरासिम्पेथेटिक सिस्टम से जुड़ी हुई होती है। इससे तनाव कम होता है और मानसिक स्पष्टता बढ़ जाती है। इससे सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे लाभकारी न्यूरो हार्मोंस का रिसाव बढ़ता है। ये दोनों ही हॉर्मोन खुशी उत्पन्न करने वाले माने जाते हैं। इनकी उत्पत्ति से व्यक्ति को खुशी एवं सुख का अनुभव होता है। गुनगुनाना संगीत का ही एक भाग है। भारतीय संगीत और इसके रागों में रोगों को दूर करने की अद्भुत शक्ति होती है।प्राचीन काल में राजा-महाराजा जब युद्ध से लौट कर आते थे तो वे तन-मन से शिथिल और क्लान्त रहते थे। ऐसे में वे संगीतकारों को राजदरबार में बुलाकर उनसे राग सुना करते थे। कई बार तो वे गायक के साथ-साथ गुनगुनाते भी थे। इस गुनगुनाहट से उनकी थकान, चिंता सब गायब हो जाती थी तो और वे फिर से तरोताजा हो जाते थे। अपने अंदर ऊर्जा एवं स्फूर्ति का संचार कर वे राजकाज संभालते थे और गुनगुनाते हुए प्रजा के दुख दूर करते थे। अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक तानसेन को संगीत में उच्च कोटि की सिद्धि प्राप्त थी। यह भी किंवदंती सुनने को मिलती है कि जब वे राग दीपक गाते थे तो उसकी गर्मी से दीपक स्वयं जल उठते थे। इसी तरह मेघ मल्हार गाने से झमाझम बारिश होने लगती थी। इससे ही यह स्पष्ट हो जाता है कि संगीत और गुनगुनाहट में असीम शक्ति है। इस शक्ति से मनुष्य तो क्या पृथ्वी और प्रकृति तक झूमने लगते हैं।



मनोचिकित्सक मानते हैं कि रागों में व्यक्ति के तन-मन के रोगों को दूर की जादुई शक्ति छिपी है। संगीत और गुनगुनाहट को चिकित्सा प्रणाली में शामिल कर रोगियों को ठीक किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि तोड़ी, भूपाली, अहीर भैरव राग सर्दी-जुकाम, सिरदर्द और उच्च रक्तचाप से राहत देते हैं। शिवरंजनी राग सुनने से याददाश्त तेज होती है और स्मृति लोप की समस्या दूर होती है। राग भैरवी सर्दी, कफ और दांत दर्द से राहत देता है। चंद्रकौंस राग हृदय रोग और मधुमेह के लिए उपचारदायक है। राग दरबारी तनाव दूर करता है। राग बिहाग और बहार गहरी मधुर नींद के लिए लाभदायक है। जब बच्चा छोटा होता है तो मां बच्चे को लोरी गाकर सुनाती है। लोरी गाते-गाते वह कई बार गुनगुनाती भी है। यह गुनगुनाना न केवल मां-बच्चे को मानसिक शांति प्रदान करता है, अपितु उनके आपसी बंधन को भी मजबूत करता है।

गायकों का मानना था कि गुनगुनाहट न केवल उनके संगीत को प्रबल करती है, अपितु उनके मानसिक तनाव को भी दूर करती है। सुप्रसिद्ध गायिका लता मंगेशकर ने एक साक्षात्कार में कहा था कि, 'मैं सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक मन ही मन कोई न कोई रचना गुनगुनाती रहती हूं। कभी किसी धुन को ठीक कर रही होती हूं, तो कभी किसी भाव को भीतर महसूस कर रही होती हूं। यह गुनगुनाना ही है जो मेरी आत्मा को स्थिर रखता है।'गुनगुनाने से एकाग्रता और रचनात्मकता का विकास होता है। इसलिए कई बार वैज्ञानिक, डॉक्टर, विद्यार्थी पढ़ते हुए गुनगुनाते हैं।

# इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट में अतिक्रमण की त्रासदी: एक मां की जान गई, रहवासियों का दर्द बरकरार

**बीपीएस न्यूज/राजेन्द्र केसरवानी**



कानपुर। गोविंद नगर स्थित इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों का गुस्सा और दर्द उस समय छलक पड़ा, जब अतिक्रमण की वजह से एक मां की जिंदगी असमय छिन गई। यह दिल दहला देने वाली घटना उस समय घटी, जब अपार्टमेंट की रहने वाली बबीता रानी की मां की अचानक तबीयत बिगड़ गई। समय रहते एम्बुलेंस तो बुला ली गई, लेकिन अतिक्रमण के कारण वह अपार्टमेंट के दरवाजे तक नहीं पहुंच सकी। मिनटों की देरी ने एक मां को अपनी बेटी से हमेशा के लिए छीन लिया।इलाज के अभाव में बबीता की मां ने दम तोड़ दिया, और इस हृदयविदारक घटना ने पूरे अपार्टमेंट को शोक और आक्रोश में डुबो दिया। इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट के रहवासियों का कहना है कि अतिक्रमण की समस्या ने उनकी जिंदगी को मुश्किल में डाल रखा है।अवैध कब्जे की वजह से न तो एम्बुलेंस समय पर पहुंच पाती है, न ही कोई अन्य आपातकालीन सेवा हर दिन डर के साये में जी रहे निवासियों का दर्द अब हद पार कर चुका है। उदय कुमार सिंह, दिनेश सक्सेना, अमित गुप्ता, बबीता साहनी, रविंद्र त्रिपाठी, अमिता रानी, नरेश असनानी जैसे कई रहवासियों ने इस त्रासदी के बाद नगर निगम की मेयर प्रमिला पांडे और डीसीपी से गुहार लगाई है। आंसुओं और गुस्से के बीच उन्होंने अतिक्रमण हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई और परिवार ऐसी त्रासदी न झेले।बबीता रानी का दुख शब्दों में बयां करना मुश्किल है। अपनी मां को खोने का गम और प्रशासन की उदासीनता ने उनके दिल में गहरे घाव छोड़े हैं। अपार्टमेंट के अन्य निवासियों का कहना है कि यह सिर्फ एक परिवार की कहानी नहीं, बल्कि अपार्टमेंट मे रहने वाले हर उस इंसान की पुकार है, जो इस अपार्टमेंट में रहता है। सवाल यह है कि क्या प्रशासन अब भी चुप्पी साधेगा? क्या नगर निगम और पुलिस इस समस्या का समाधान करेंगे, या फिर एक और मासूम जिंदगी को अतिक्रमण की भेंट चढ़ने देगें? अब देखना यह है कि इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट के निवासियों की यह पुकार कब सुनी जाएगी, और कब उन्हें इस दर्द से निजात मिलेगी ?

# 5 लाख वर्तमान में और चार लाख पेंशनर सरकारी कर्मचारी



**पंकज सीबी मिश्रा /राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

चुनाव आयोग ने जब बिहार में फर्जी वोटरों का आकड़ा दिया तो लोकतंतर में फर्जी वोटरों को बचाने के लिए राहुल संसद के बाहर, अखिलेश मस्जिद में और तेजश्वी सड़क पर उतर गए। अब फर्जी नेताओं और उनके फिट किए गए यूट्यूबर की जान हलक में आ गई। आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार नें कहा कि क्या स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन अर्थात एसआईआर पर उठाए जा रहे बेबुनियादी सवालों से डर कर चुनाव आयोग, ऐसे लोगों के बहकावे में आकर, मरे हुए मतदाताओं, स्थायी तौर से प्रवास कर गये मतदाताओं, दो जगह वोट बनवा चुके मतदाताओं, फ़र्जी मतदाताओं या विदेशी मतदाताओं के नाम पर फ़र्जी वोट डालने वाले लोगों को पहले बिहार में, फिर पूरे देश में, संविधान के विरुध्द जाकर फर्जी वोट डालने की अनुमति दे दे ? गनीमत है कि 卐लोकतंतर卐 बचाने का नारा देने वालों ने अभी तक यह नारा नहीं दिया है कि मुर्दों को भी वोट देने का अधिकार है। हम उनकी भी लड़ाई लड़ रहे हैं, उनका नाम आखिर मतदाता सूची से क्यों हटाया जा रहा है? बिहार में वोटर लिस्ट रिव्यू के बाद ये तो तय है कि फर्जी वोटिंग बिहार चुनाव की पहचान रही है और इसी के बलबूते में जंगलराज कायम होता था और गुंडे और मुजरिम चुनाव आसानी से जीत जाते थे।

अब जब चुनाव आयुक्त नें बिहार में रोहिंग्या एंट्री के आशंका को जाहिर किया तो कुछ सेक्यूलर टोपीधारी नेता सड़को पर उतर उत्पात मचाने की बात कर रहें। चुनाव आयोग नें सुप्रीम कोर्ट में जो धाँसू हलफनामा दिया है उस हलफ़नामे में 80 पेज का जो ऑपरेटिव हिस्सा है उसमें जो आंकड़े दिए गए हैं वह निश्चित रूप से बिहार के हिन्दू कम्युनिटी को चौकाने वाला है ! सूत्रों की माने ह्लश चुनाव आयोग ने एक एक्टिविस्ट की बात को स्वीकार किया है जिसने सबसे पहले कहा था की 2003 में जिन चार करोड़ 96 लाख वोटो का जिक्र है उनमें से एक करोड़ 10 लाख वोटो का देहावसान हो चुका है फिर भी वो वोटर लिस्ट में बने रहें इसलिए 2003 की वोटिंग लिस्ट में 3 करोड़ 85 लाख वोट है जो इन 9 करोड़ वोटरो में से सत्यापित किया जा रहे हैं बाकि नए वोटर है जिन्हें कागज़ दिखाने पड़ेंगे। बाकी सारे नाम समरी रिवीजन के बाद फर्जी साबित होंगे और उन्हें हटाया जायेगा जो बेहद सटीक और विचारयोग्य है। बिहार में फर्जी वोटिंग रोकने के लिए एसआईआर की प्रक्रिया नें बिहार के लोगो को नया उत्साह दिया है।

जो मतदाता सूची चुनाव आयोग ने दी है वह स्वीकार योग्य है। सूत्रों की माने तो बिहार में 1980 से 2025 के बीच में 2 करोड़ 86 हजार लोगों नें ही मैट्रिक के सर्टिफिकेट दिए हैं ! आंकड़े कहते है कि बिहार में 9 लाख सरकारी कर्मचारी है यह बात मानी जा सकती है इसमें 5 लाख वर्तमान में और चार लाख पेंशनर सरकारी कर्मचारी है। कुछ यूट्यूबर सर्वे हुए हैं उनमें कहा गया कि अनुसूचित जाति से लगभग 80त्न लोगों को आदिवासियों में 65त्न लोगों को ओबीसी में 90 त्न लोगों को और सवर्ण जाति में 60 त्न लोगों ने जाति प्रमाण पत्र बनवाए हैं ! तो फिर ये कागज दिखाइए ! क्या दिक्क़त है.. ? चुनाव आयोग जिन जाति प्रमाण पत्रों के जिक्र कर रहा है जो सरकार द्वारा जारी कर दिए गए वो लगभग 9 करोड़ है। बाकीयों को फैमिली प्रमाण पत्र बांटे गए है जिनकी संख्या लगभग ढाई करोड़ है। चुनाव आयोग ने सिर्फआंकड़ों पर ही बोला है। क्रियान्वयन के संदर्भ में भी जो तथ्य उसने दिए हैं वह सब जमीन पर नजर आ रहे। चुनाव आयोग नें कुछ नामी फर्जी यूट्यूबर पत्रकारों के भी चेहरे से नकाब उतार दिया है। ऐसे फर्जी यूट्यूबर माईक लेकर बस लोगो को बरग़ला रहें।

उधर बिहार में चुनाव आयोग फ्रंट फूट पर बैटिंग कर रहा। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में सुप्रीम कोर्ट में जो हलफनामा दिया है उसमें लिखा है कि उसने हर मतदाता को दो अनुमूलेशन फॉर्म दिए हैं। चुनाव आयोग बड़ी बेबाकी से यह बात कही है कि कितने फॉर्म बिना दस्तावेज के उसने प्राप्त किए हैं जबकि फर्जी नेताओं का कहना है कि इसकी एक बहुत बड़ी संख्या है जो वहां के बीएलओ ने बिना मतदाता के हस्ताक्षर कराए , फर्जी हस्ताक्षर कर कर,बिना किसी दस्तावेज़ के पुरानी वोटिंग लिस्ट से उसके मतदाता एपिक नंबर नोट कर कर अपलोड किए हैं। सिर्फ यह सिद्ध करने के लिए की चुनाव आयोग ने रिवीजन का काम शिद्दत से पूरा नहीं किया है इसके विरोध में लोगो को सड़क पर उतारने वालों की कलई खुल रही लेकिन सच्चाई यह है मेहनत से मतदाता सूची पूनरीक्षण कार्य पूरा किया गया है इसे न सिर्फ पूरा बिहार जानता है बल्कि सारा देश भी जानने लगा है।कुछ नरेटीवस की भी बात की जाए तो बिहार में डुप्लीकेट आधार कार्ड का जिक्र जरूरी है। सीमांत जिलों में 70त्न आधार कार्ड फर्जी जारी हो गए हैं और इस तरह रोहिंग्या नेपालियों और बांग्लादेशों के लिए भी बिहार में वोटिंग के अवसर तलाशें जा रहे जिसका जवाब अब जब चुनाव आयोग दें रहा तो डब्बेबाज नेता छटपटा रहें।


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल ( पोर्टल ) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**संपर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# सीएम डीसीपी पश्चिम ने परखी मंदिरों में जन्माष्टमी पर सुरक्षा तैयारियां, इस्कॉन मंदिर में की समीक्षा बैठक



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने अभी से जन्माष्टमी की तैयारियां परखनी शुरू कर दी है। शुक्रवार को डीसीपी पश्चिम ने इस्कॉन मंदिर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। जन्माष्टमी पर मंदिरों में पुलिस बल तैनाती की भी समीक्षा की।आगामी जन्माष्टमी पर तैयारी व्यवस्था के संबंध में शुक्रवार को डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने बिठूर क्षेत्र के मंदिरों के साथ इस्कॉन मंदिर में एक जरूरी बैठक ली। जिसमें पर्व के दौरान सुरक्षा, शांति और यातायात व्यवस्था पर जिम्मेदारों संग चर्चा की। मंदिर प्रबंध व पुलिस अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देकर डीसीपी ने इस्कॉन मंदिर परिसर का भ्रमण किया।

जन्माष्टमी से पहले तैयारियों का निरीक्षण कर मंदिर के महंत से जरूरी सुरक्षा पर बात की। डीसीपी ने कहा कि मंदिर क्षेत्र में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। जिसके दिशा निर्देश दिए। यातायात सुचारु रहे इसके लिए ट्रैफिक प्लान तैयार कर लागू कराने को कहा।जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा कहा कि क्षेत्र के सभी प्रमुख मंदिर जहां भीड़ की संभावना हैं, वहां भी पुलिस बल की निगरानी रहेगी। इस मौके पर एडीसीपी पश्चिम, एडीसीपी यातायात, एसीपी कल्यानपुर रहे।

# सराफा व्यापारी से लूट का 70 घंटे में खुलासा,तीन आरोपी गिरफ्तार, पुलिस का व्यापारियों ने किया सम्मान




कानपुर। कानपुर के नरवल में सराफा व्यापारी अनिल वर्मा के साथ हुई लूट की घटना का मात्र 70 घंटों में खुलासा करने वाली पुलिस टीम का शुक्रवार को व्यापारियों ने सम्मान किया। आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने महाराजपुर थाना पहुंचकर पुलिस टीम को सम्मानित किया।दरअसल, 28 जुलाई की शाम को दो बाइकों पर आए छह आरोपियों ने टौंस-तिलशहरी मार्ग पर अनिल वर्मा के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। घटनास्थल नरवल थानाक्षेत्र में था, लेकिन सीमा विवाद के बाद महाराजपुर पुलिस ने डकैती का मामला दर्ज किया था।

**तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

घटना के खुलासे के लिए डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने चार टीमें लगाई थीं। महाराजपुर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 70 घंटे के भीतर घटना का शत-प्रतिशत खुलासा कर दिया और तीन आरोपियों को जेल भेज दिया।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष महेश वर्मा ने अपने पदाधिकारियों के साथ महाराजपुर थाना परिसर में पहुँचकर खुलासा करने वाली पूरी टीम को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। व्यापारी नेता महेश वर्मा ने कहा कि थाना प्रभारी महाराजपुर संजय कुमार पांडेय ने घटनाक्षेत्र दूसरे थानाक्षेत्र में होने के बावजूद मामला दर्ज कर सफल अनावरण किया, जिससे व्यापारी समाज में खुशी की लहर है।

# कानपुर में भाऊपुर के पास पटरी से उतरी जनसाधारण एक्सप्रेस, यात्रियों में हड़कंप





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर और टूंडला के बीच शुक्रवार दोपहर मुजफ्फरपुर-साबरमती जनसाधारण एक्सप्रेस के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया, और कुछ यात्री कोचों से नीचे कूद पड़े। हालांकि ट्रेन की गति धीमी होने से कोई हताहत नहीं हुआ। आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए।

रेलवे मेडिकल वैन को मौके पर भेजा गया, लेकिन किसी के हताहत या चोट नहीं आने की सूचना पर उसे पनकी में ही रोक दिया गया। बता दें कि ट्रेन संख्या 15269 साबरमती जनसाधारण एक्सप्रेस शुक्रवार को अपने निर्धारित समय 12:50 बजे के स्थान पर देर से 3:07 बजे सेंट्रल स्टेशन आई। यहां निर्धारित ठहराव के बाद निकली।

दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक पर पनकी धाम रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ने पर भाऊपुर स्टेशन के आउटर के पास ही 4:12 बजे ट्रेन के इंजन से छठवां व सातवां कोच बेपटरी हो गया। उस समय ट्रेन की गति धीमी होने से बड़ा हादसा टल गया। एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन को मौके पर भेजा जा रहा है।

रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा, ''अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक ट्रॉली कोच सहित दो डिब्बे लूप लाइन पर पटरी से उतर गए।'' उन्होंने बताया कि इंजन के पांचवे और छठे डिब्बे शाम चार बजकर 20 मिनट पर भाऊपुर यार्ड में पटरी से उतर गए। मरम्मत का काम तुरंत शुरू कर दिया गया है और कानपुर से रेलवे अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। अधिकारी ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे जोन के महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

# अल्जीरिया में बेटे की मौत के बाद सदमे में पिता ने भी तोड़ा दम, डीएम ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर भीतरगांव के बारीगांव में एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, जहां अल्जीरिया में बेटे की संदिग्ध मौत के बाद सदमे में पिता ने भी दम तोड़ दिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।कानपुर में भीतरगांव क्षेत्र के बारीगांव गांव में एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अल्जीरिया स्थित एक स्पंज आयरन



कंपनी में काम करने वाले अनादि मिश्रा (48) की 18 जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में एक ब्लास्ट में मौत हो गई थी। बेटे की मौत का सदमा उनके पिता राजेंद्र मिश्रा बर्दाश्त नहीं कर पाए और बुधवार सुबह उनका भी निधन हो गया। यह और भी दुखद है कि घटना के 15 दिन बाद भी अनादि का शव भारत नहीं पहुंच सका है।इस दोहरी त्रासदी की जानकारी मिलने पर शुक्रवार शाम चार बजे कानपुर के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह पीड़ित परिवार से मिलने बारीगांव पहुंचे। उन्होंने अनादि के छोटे भाई अर्पित मिश्रा से मिलकर पूरी दास्तान सुनी। जब अर्पित ने नम आंखों से बताया कि पहले भाई की मौत हुई और फिर पिता भी सदमे से चल बसे, तो यह सुनकर जिलाधिकारी भी भावुक हो गए। डीएम ने अनादि की मां कांति मिश्रा से भी मुलाकात की और शोक संतप्त परिवार को हर संभव सरकारी मदद का आश्वासन दिया।

# शहर में एक व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया



कानपुर। नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कानपुर शहर में एक व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह अभियान शहर के कई प्रमुख एवं अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में संचालित किया गया, जिनमें बड़ा चौराहा से कचहरी, हरजेन्दर नगर से लाल बंगला, किदवई नगर चौराहा से शनि मंदिर, कंपनी बाग से कर्बला, वीरेन्द्र स्वरूप स्कूल (गोविंद नगर) और गोल चौराहा से गीता नगर क्रॉसिंग तक के मार्ग शामिल रहे।इस संयुक्त कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराना, अवैध होर्डिंग्स को हटाना, सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाना, तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखना था।इस अभियान में थाना कोतवाली, चकेरी, बाबूपुरवा, कोहना, गोविंद नगर एवं नजीराबाद/रावतपुर की पुलिस टीमें सक्रिय रूप से मौके पर मौजूद रहीं। हर क्षेत्र में औसतन 1.5 सेक्शन पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई, जिससे अभियान के दौरान शांति व्यवस्था बनी रही और किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न नहीं हुई।अभियान के दौरान अवैध रूप से बनाए गए ठेले, खोमचे, दुकानें, प्लास्टिक शेड्स एवं अतिक्रमणकारी सामग्रियों को हटाया गया। साथ ही, अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी भी दी गई।यह अभियान शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित, अतिक्रमण मुक्त और यातायात के अनुकूल वातावरण देने की दिशा में एक सशक्त कदम रहा। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान सतत रूप से जारी रहेंगे ताकि कानपुर शहर को एक स्मार्ट, सुरक्षित और सुंदर नगरी के रूप में विकसित किया जा सके।

# नौकरी का झांसा देकर ठगा गया मासूम, डीएम ने कराया घर वापसी

कानपुर। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह जब जन समस्याओं की सुनवाई कर रहे थे, तभी एक महिला अपने 13 वर्षीय बेटे का हाथ थामे पहुँचीं। नाम पूछा गया तो उन्होंने खुद को अंजुलता निवासी नगर पंचायत माधौगढ़ जनपद जालौन बताया। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति नौकरी का झांसा देकर उन्हें तथा उनके बेटे कृष्णा को कानपुर ले आया और रास्ते में रुपये छीनकर फरार हो गया।

अब दोनों के पास न तो खाने के लिए कुछ था और न ही घर लौटने का किराया। अंजुलता की आंखों में चिंता और लाचारी देखकर माहौल भावुक हो गया।जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नगर पंचायत माधौगढ़ के चेयरमैन राघवेंद्र व्यास से बात की। चेयरमैन ने पुष्टि की कि अंजुलता मोहल्ला माधौगढ़ निवासी रोहित सक्सेना की पत्नी हैं और कुछ दिन पूर्व ही बेटे के साथ कानपुर गई थीं। उनके पति नशे की लत से पीड़ित हैं और यह परिवार दिहाड़ी मजदूरी कर जीवन चला रहा था।



जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों के भोजन की व्यवस्था कराई और घर लौटने के लिए बस किराया भी उपलब्ध कराया। मदद मिलते ही अंजुलता की आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने भरभराई आवाज़ में डीएम का आभार व्यक्त किया। डीएम ने कहा कि शासन की मंशानुरूप हर जरूरतमंद की मदद करना हमारा कर्तव्य है।

# जिलाधिकारी ने किया टीडी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**226 स्कूलों में 7 हज़ार किशोरों को मिलेगा सुरक्षा कवच**



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । बेकनगंज स्थित तालीमुल इस्लाम गर्ल्स जूनियर हाई स्कूल में आज जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने विशेष टीडी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान मुख्य रूप से 10 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के किशोरों को लक्षित कर रहा है, जो अब तक नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए थे। पूरे अगस्त माह तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत जनपद के 226 विद्यालयों में लगभग 7,000 बच्चों को टेटनस और डिप्थीरिया से सुरक्षा देने वाला टीडी टीका लगाया जाएगा ।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें इस टीके के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टेटनस और डिप्थीरिया दोनों ही बेहद गंभीर और जानलेवा बीमारियाँ हैं, जिनसे बचाव का सबसे कारगर तरीका समय पर टीकाकरण है। बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह टीका 10 और 16 वर्ष की उम्र में बूस्टर के रूप में दिया जाता है, ताकि पूर्व में मिले डीपीटी टीकों की प्रभावशीलता को बनाए रखा जा सके ।जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग की टीमों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए सघन मॉनिटरिंग करें। डीएम ने कहा कि हर बच्चा हमारा उत्तरदायित्व है, और उन्हें रोगों से बचाव का यह कवच देना प्रशासन की प्राथमिकता है। डॉ यू0बी0 सिंह एसीएमओ/डॉ राजेश्वर सिंह अर्बन नियमित टीकाकरण अधिकारी यूनिसेफ से फ़ाज़ैल; नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नैला अंसारी आदि रहे ।

# अटेवा NMOPS ने एनपीएस यूपीएस निजीकरण व विद्यालय मर्जर के विरोध में निकला रोष मार्च



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर, अटेवा NMOPS के जिला अध्यक्ष नीरज तिवारी के नेतृत्व में शिक्षकों व विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने एनपीएस व यूपीएस निजीकरण विद्यालय मर्जर के विरोध में जीएनके इंटर कॉलेज सिविल लाइन से जिलाधिकारी कार्यालय तक रोष मार्च निकालकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से देकर निजीकरण की समाप्ति तथा उत्तर प्रदेश व देश के समस्त कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। जिला अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि आगामी 25 नवंबर को पूरे देश के कर्मचारी एनपीएस व यूपीएस निजीकरण के विरोध में व पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में दिल्ली में विशाल रैली करेंगे। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि निजीकरण देश के निम्न व मध्यमवर्गीय परिवारों के विरुद्ध अमीरों का षड्यंत्र है। आज विभिन्न सरकारी संस्थाओं का निजीकरण किया जा रहा है इसे बंद होना बहुत जरूरी है। जिला महामंत्री सुनील बाजपेई ने बताया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर आगामी 5 सितंबर को सभी शिक्षक कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली हेतु सामूहिक उपवास करेंगे।आज डिफेंस NMOPS के सह संयोजक रमेश पाल और बलवीर सिंह यादव को नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र के कर्मचारियों ने सिंचाई विभाग अटेवा संरक्षक शिवनारायण साहू के नेतृत्व में सिंचाई विभाग फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र पटेल के नेतृत्व में फार्मासिस्ट नर्सेज संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष अर्चना पांडे के नेतृत्व में नर्सेज संघ ने अरविंद कुशवाहा के नेतृत्व में आईटीआई सनाउल्लाह के नेतृत्व में पीडब्ल्यूडी विभाग देश दीपक श्रीवास्तव के नेतृत्व में दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ बृजेश व अटल बिहारी के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी संघ इसके अलावा सेल टैक्स उद्योग निदेशालय सेवायोजन कार्यालय उच्चतर शिक्षा माध्यमिक शिक्षा व बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों व मातृशक्ति बहनों ने एनपीएस व यूपीएस निजीकरण के खिलाफ रोष मार्च निकालकर सरकार से अपना सामूहिक विरोध दर्ज कराया। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप यादव अटेवा के मंडलीय मंत्री डॉ यतीन्द्र शर्मा सुनील बाजपेई नीरजा मिश्रा किरण बाला कुमुदबाला अंजना बाजपेई संगीता पटेल अंकिता प्रशांत राय धनंजय मनोज पांडे सतीश शरद तिवारी अतुल अजीत सुनील वर्मा अरविंद आत्माराम सत्यवीर अक्षय दिनेश नितिन मिश्रा हिमांशु मनोज वीरेंद्र अनूप मोहन मुरारी चंद्रशेखर अजय विजय सचिन अमित जयंत सुरेश भरत तेज बहादुर सौरभ उमाकांत शाहिद धनंजय अमित कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री से अधिवक्ता पेंशन और स्वास्थ्य बीमा लागू किए जाने की मांग:पं रवीन्द्र शर्मा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर,अधिवक्तागण अपनी सामाजिक सुरक्षा योजनाओ को लागू किए जाने के लिए एक कार्यक्रम में मोतीझील पधारे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को अपना मांग पत्र देते हुए पं रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन ने कहा कि न्यायालय के अधिकारी हम अधिवक्ताओं की पेंशन योजना न होने से वर्ष तक के बुजुर्ग अधिवक्ताओं को जीविकोपार्जन हेतु कार्य करना पड़ रहा है और स्वास्थ्य बीमा न होने से अधिवक्ता और अधिवक्ता परिवारों का बेहतर इलाज भी नहीं हो पा रहा है आप अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना जिसके अंतर्गत अधिवक्ता और अधिवक्ता परिवारों को आयुष्मान योजना से जोड़े जाने या बेहतर इलाज हेतु रु 5 00 000 की निशुल्क अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना और बुजुर्ग / वरिष्ठ अधिवक्ताओ को सम्मान से जीने के लिए अधिवक्ता पेंशन योजना जिसके अंतर्गत बुजुर्ग अधिवक्ताओं को रिटायरमेंट की शर्त पर रुपया 15000 प्रतिमाह पेंशन देय हो लागू करें।

झारखंड अधिवक्ता पेंशन योजना और अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने वाला पहला राज्य बन चुका है उत्तर प्रदेश में भी अधिवक्ता पेंशन और अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कीजिए।प्रतिवेदन प्राप्त कर ब्रजेश पाठक ने सहानुभूति पूर्वक विचार कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

प्रमुख रूप से अरविन्द दीक्षित अभिनव तिवारी संजीव कपूर शिवम गंगवार शुभम जोशी इंद्रेश मिश्रा वीर जोशी आदि रहे।



# कानपुर के ज्योतिष अजय जौहरी को गोल्डन लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025 से नवाजा गया



बीपीएस न्यूज

कानपुर केशव नगर निवासी अजय जौहरी को राजस्थान की राजधानी जयपुर की पवित्र धरा पर आयोजित ज्योतिष महाकुंभ में गोल्डन लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।यह भव्य सम्मेलन रघुनाथ धाम आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें देश भर से सैकड़ों ज्योतिष विद्वानों, भागवत आचार्यों, पुजारियों और संत महात्माओं ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में लाल किताब विशेषज्ञ जी.डी. वशिष्ठ, अनिल वत्स,अजय भांभी (गोरखपुर), धनेश त्रिपाठी, डॉ. मोनिका आर.करल,पं. मुकेश शर्मा (जोधपुर) और पं. चंद्रशेखर जोशी सहित कई प्रतिष्ठित ज्योतिषाचार्य शामिल रहे।कार्यक्रम का सशक्त संचालन हीरेन शुक्ला ने किया। इस सम्मेलन का आयोजन रघुनाथ धाम पचार जयपुर ट्रस्ट के संस्थापक परमपूज्य 1008 सौरभ राघवेंद्र आचार्य महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ।यह सम्मान अजय जौहरी द्वारा ज्योतिष, वास्तु एवं प्रश्न शास्त्र के क्षेत्र में किए गए लंबे समय के समर्पण एवं योगदान को मान्यता देता है।

# कानून तोड़ा तो मिली सज़ा, जिला बदर आरोपी गिरफ्तार,कर्नल गंज पुलिस की सख्ती से पकड़ा गया फरार शातिर अपराधी



बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर नगर के कर्नल गंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने जिला बदर आदेश की अवहेलना कर रहे एक शातिर अपराधी शोऐब उर्फ डैनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी-छिपे शहर में रह रहा था और किसी बड़ी आपराधिक साजिश की फिराक में था।

थाना प्रभारी कर्नल गंज के अनुसार, आरोपी की पहचान शोऐब उर्फ डैनी पुत्र आमीन, निवासी 101/304 कर्नल गंज, के रूप में हुई है। उस पर दस से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पूर्व में वह कई बार जेल भेजा जा चुका है, जिस कारण उसे जिले से निष्कासित (जिला बदर) किया गया था।

शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि शोऐब तिकुनिया पार्क, ऊंची सड़क क्षेत्र में संदिग्ध स्थिति में घूम रहा है। दोपहर करीब 12:30 बजे एसीपी के निर्देशन में थाने की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

जांच में यह पुष्टि हुई कि आरोपी जिले से निष्कासन आदेश के बावजूद गुपचुप तरीके से शहर में डेरा डाले हुए था, जो दंडनीय अपराध है।

इस गिरफ्तारी में उप निरीक्षक संदीप कुमार, कांस्टेबल अंकुर बिहान और हर्षित शर्मा की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई की अहम भूमिका रही।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यदि समय पर कार्रवाई न होती, तो यह अपराधी किसी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता था।कर्नल गंज पुलिस ने कहा है कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ बिलकुल भी ढिलाई नहीं बरती जाएगी।जिला बदर जैसे प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि शहर में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# व्हीलचेयर से मुस्कुराई जिन्दगी, हौंसले को मिली उड़ान



कानपुर।दिव्यांगता को बाधा मानने वाली सोच उस समय झुक गई, जब जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की सक्रियता और सख़्त हस्तक्षेप ने एक होनहार छात्रा को उसका शिक्षा का हक दिलाया।निजी विश्वविद्यालय द्वारा व्हीलचेयर पर आने की वजह से एलएलएम में दाखिला न देने का मामला जब जनता दर्शन में सामने आया, तो डीएम ने तत्काल कार्रवाई कराते हुए व्यवस्था को संवेदनशीलता के साथ जवाबदेह बना दिया।

रामबाग निवासी श्रेया शुक्ला ने डीसी लॉ कॉलेज से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की है। वह अब एलएलएम करना चाहती थीं। एक निजी विश्वविद्यालय ने पहले उन्हें प्रवेश का भरोसा दिया, पीडब्ल्यूडी श्रेणी में फीस में छूट दी और आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने की बात भी कही। लेकिन जब श्रेया 29 जुलाई को दाख़िले के लिए पहुँचीं, तो यह कहकर मना कर दिया गया कि हम व्हीलचेयर पर आने वाले छात्रों का दाख़िला नहीं लेते।

30 जुलाई को श्रेया के पिता एल.के. शुक्ल (एडवोकेट) जनता दर्शन में जिलाधिकारी से मिले और प्रकरण की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यूजीसी के दिशा-निर्देश, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, और उच्चतम न्यायालय के निर्णयों का हवाला देते हुए बेटी के साथ हुए भेदभाव की शिकायत की।

जिलाधिकारी ने इसे अत्यंत गंभीर प्रकरण मानते हुए तत्काल एसडीएम सदर अनुभव सिंह को निर्देशित किया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन से बात कर छात्रा को उसका विधिक अधिकार दिलाया जाए। एसडीएम सदर ने उसी दिन विश्वविद्यालय से वार्ता कर नियमों की जानकारी दी और स्पष्ट निर्देश दिया कि दिव्यांग छात्रों को शिक्षा से वंचित करना न केवल अनुचित, बल्कि कानून के खिलाफ है।

जिलाधिकारी स्वयं पूरे प्रकरण की मॉनिटरिंग करते रहे और श्रेया का दाख़िला सुनिश्चित होने तक निरंतर संपर्क में बने रहे। एक अगस्त को विश्वविद्यालय ने इंट्रेंस टेस्ट आयोजित किया जिसे श्रेया ने अच्छे अंकों के साथ पास किया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने श्रेया को दाख़िला दिया।छात्रा और उनके पिता ने जिलाधिकारी और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि यदि समय पर यह हस्तक्षेप न हुआ होता, तो एक योग्य छात्रा का साल बर्बाद हो जाता।जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए समुचित नियम बनाये हैं। इनका कड़ाई से पालन किया जाना अनिवार्य है।किसी भी संस्था को अधिकार नहीं है कि वह दिव्यांगता की विशेषीकृत श्रेणी के आधार पर किसी छात्र या छात्रा को शिक्षा से वंचित करे।यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो प्रशासन पूरी कठोरता से कार्यवाही करेगा।

# गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह में कलाकार एवं समाजसेवी हुए सम्मानित

बीपीएस न्यूज

कानपुर।सांस्कृतिक कलाकार सभा के द्वारा 26 वे वार्षिक कार्यक्रम पर युगपुरुष श्री गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह का आयोजन अर्रा स्थित शकुंतला लॉन में किया गया।अध्यक्ष केशव त्रिवेदी एवं महामंत्री कृष्ण स्वरूप शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर किया।समारोह में पहुंचे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने युगपुरुष गोस्वामी तुलसीदास एवं श्री हनुमान जी महाराज की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया।

प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने कहा कि ऐसे आयोजन से सनातन संस्कृति को और भी बल मिलता है तथा युवा पीढ़ी को भी अपने आराध्य महापुरुषों के प्रति सम्मान बढ़ाने का कार्य होता है।समारोह में अन्य जिलों से आए कलाकारों को सम्मानित किया गया।जयंती समारोह पर आयोजित श्री राम लीला का मंचन देख सभी मंत्र मुग्ध हो उठे। प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत ने कहा कि तुलसीदास जी का महत्व इस धरा पर मुख्य है। वक्ताओं ने जयंती समारोह पर अपने अपने विचार रखें।मनोज शुक्ला ने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया का स्वागत माल्यार्पण शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कोषाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला संरक्षक प्रमोद बाजपेई राजू सिंह चौहान ने कहा कि विगत वर्षों से संस्था ऐसे आयोजन नित्य प्रति आयोजित करती आ रही है।



इस मौके पर मुख्य रूप से हरिओम भदौरिया, विकास त्रिपाठी, आशीष अवस्थी, संजीव द्विवेदी, दिनेश तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, राकेश मिश्रा, लक्ष्मी शंकर अवस्थी, इंदर पाल सिंह भदौरिया व्यास जी, पप्पू सिंह व्यास, राम नारायण मिश्रा, आदित्य सहित काफी संख्या में पदाधिकारियो एवं समाज सेवियों को सम्मानित किया गया।

# नव युवक जन सेवा मंडल द्वारा 14वां विशाल भंडारे आयोजन





बीपीएस न्यूज

कानपुर।हर वर्ष की भांति इस वर्ष बाबूपुरवा कालोनी स्थित 6 नंबर गेट चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कमेटी के लोगों ने बताया कि भंडारे का कार्यक्रम विगत 14 वर्षों से निरंतर कराया जा रहा है।वही शाम होते ही अनुभवी कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर मुख्य रूप से शैलेश मिश्रा, सत्य प्रकाश त्यागी, वैभव मिश्रा, विनय, राजू पांडे, विनोद, पंकज, राकेश, मुनमुन, अंकुर कश्यप, रानू, मनोज, बच्चन, प्रेमचंद, सूरज, सर्वेश, भोला, बग्गा, पुनीत, आकाश आदि मौजूद रहे।

# पास्टर्स एसोसिएशन उ0प्र0 के द्वारा चुनाव उपरान्त नई कार्यकारिणी के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह




कानपुर।पास्टर्स एसोसिएशन उ0प्र0 के द्वारा चुनाव उपरान्त नई कार्यकारिणी के सदस्यों के लिये विशेष स्वागत व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शास्त्री भवन, खलासी लाइन कानपुर में दोपहर 12:00 बजे किया गया। जिसमें एसोसिएशन के सभी नव मनोनीत सदस्य एवं शहर के प्रमुख चर्चा के पादरीगण व तमाम स्कूलों के प्रबन्धक / मैनेजर एवं तमाम सम्मानित व्यक्ति सम्मिलित हुये।

कार्यक्रम की शुरूआत क्राइस्ट चर्च के वरिष्ठ पादरी संतोष पाण्डेय जी की प्रार्थना से हुयी। आये हुये सभी पादरीगणों, सदस्यों और विशेष अतिथियों का अभिवादन करते हुये एसोसिएशन के अध्यक्ष पादरी संजय अल्विन ने सभी को बीते समय में एसोसिएशन के द्वारा किये गये कार्यो के बारे में बताया, इसके उपरान्त सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को एसोसिएशन के द्वारा उनका सम्मान करते हुये प्रशस्त्री पत्र व एसोसिएशन की आई.डी प्रदान की गयी। कानपुर नगर के माननीय जिलाधिकारी महोदय जितेन्द्र प्रताप सिंह जी ने उपस्थित सभी 70. पादरियों को देश की एकता व अखण्डता एवं सम्पूर्ण मानव जाति की भलाई के लिए कार्य करने के लिए ईश्वर की शपथ दिलाई। अन्य तमाम प्रमुख अतिथियों में कैंट विधानसभा विधायक हसन रूमी, काग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष पवन गुप्ता, नीलम रोमिला सिंह व धनीराम पैंथर, तौफीक अहमद साजिद (सर) उपस्थित थे।मदर टेरेसा स्कूल के चेयरमैन यशराज साइलस, मिसेज हैलीना सिंह, पादरी ज्ञान प्रकाश इत्यादि विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये।एसोसिशन के पुनः निर्वाचित महासचिव पादरी जितेन्द्र सिंह ने आये हुये तमाम मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का एसोसिएशन की तरफ से मोमेन्टो देकर एवं शॉल पहनाकर उनका स्वागत किया।पादरी जितेन्द्र सिंह ने उपस्थित लोगो को ये कहा कि पास्टर्स एसोसिएशन एक रजिस्टर्ड संस्था है जो पिछले 14 वर्षो से पास्टर्स एवं मसीह समाज के हितो के लिये कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पादरी संजय आल्विन, पादरी जितेन्द्र सिंह, पादरी अनिल गिलवर्ट, पादरी ए.बी. सिंह, पादरी संजय राज सिंह, पादरी राकेश मैसी, पादरी के. टी. एन्थनी, पादरी सैमसन मसीह, पादरी जगराम सिंह, पादरी इन्द्र कुमार दास, पादरी आदित्य सविता, पादरी पारस नाथ, पादरी जितेन्द्र कुमार, पादरी डी.के. सागर, पादरी हनन्निया पानी, पादरी हरी सिंह, पादरी अजय बाबू, पादरी भीम सिंह, पादरी रजीव मैसी, पादरी आशीष परिहार, पादरी मोहन लाल, पादरी रोहन मैसी, पादरी देवेन्द्र राव, पादरी आनन्द मसीह, पादरी अजय, पादरी प्रदीप, पादरी रविन्द्र सिंह, पादरी नरेन्द्र कुमार, पादरी दीपक कुमार, पादरी राजू आल्विन, पादरी लक्ष्मन पॉल, पादरी जनार्दन जॉन, पादरी विजय मोहन, पादरी वर्गिस अब्राहम, पादरी विक्की लॉरेन्स, पादरी राजकुमार साइमन, पादरी सीमा कुमार, पादरी ब्रजेश कुमार एवं करीब 70 पादरियों ने शपथग्रहरण की।

# दीनू के साथी राम खिलावन पर हुई धोखाधड़ी की दो एफआईआर



कानपुर।बसपा नेता पिंटू सेंगर की हत्या में सोनभद्र जेल में बंद धीरज उर्फ दीनू उपाध्याय के साथी राम खिलावन पर नवाबगंज थाने में दो एफआईआर हुई हैं। यह कार्रवाई जाली दस्तावेज बनाकर जमीन बेचने, धमकी देने, मारपीट, गाली गलौज करने, बंधक बनाने के आरोप में की गई। पहली रिपोर्ट शुक्रवार देर रात लाटूश रोड के प्रताप राव वाल्मीकि और दूसरी शनिवार को परमियापुरवा के प्रज्जवल तिवारी की तहरीर पर हुई। राम खिलावन के साथ नवाबगंज के सुधीर मिश्रा और अज्ञात भी नामजद हैं।नवाबगंज थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक प्रताप राव वाल्मीकि का कहना है कि उन्हें पिछले वर्ष जागेश्वर मंदिर क्षेत्र के सुधीर मिश्रा ने नवाबगंज के राम खिलावन के साथ मिलकर जमीन बेचने की जानकारी दी। उन्होंने और भाई विशाल ने सुधीर मिश्रा के अकाउंट में पिछले साल 28 नवंबर और पांच दिसंबर को दो लाख रुपये आरटीजीएस कर दिए।उन्होंने 25 हजार रुपये नकद भी दिए। आरोपियों ने उन्हें नोटरी इकरारनामा दिया जबकि कब्जा बैनामा के लिए समय देने की बात कही।कुछ दिन बाद आरोपियों ने भूमि संबंधित दस्तावेज दिए। उनकी जांच कराने पर सभी प्रपत्र फर्जी निकले जब उन्होंने राम खिलावन से रुपये वापस मांगे तो आनाकानी की। नवाबगंज पुलिस ने राम खिलावन, सुधीर मिश्रा और तीन अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।परमियापुरवा के उज्जवल मिश्रा ने भी राम खिलावन और सुधीर मिश्रा के खिलाफ थाने में दी तहरीर के मुताबिक 26 नवंबर 2024 को सुधीर मिश्रा को एक लाख रुपये का चेक और 50 हजार रुपये नकद दिए। आरोपियों ने उन्हें जमीन के फर्जी दस्तावेज दिए जब उन्होंने रामखिलावन से शिकायत की तो उसने 15 दिन के अंदर रुपये देने का वादा किया।समय बीत जाने पर भी रुपये न देने पर उन्होंने फिर से मांग की तो आरोपियों ने बंधक बनाकर मारपीट की।डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। राम खिलावन और दीनू एक साथ काम करते थे। ऐसे में दीनू की संलिप्ता देखी जा रही है। राम खिलावन के खिलाफ जमीन कब्जा करने, रंगदारी मांगने के कई एफआईआर हैं।

# बड़े चौराहे से सगे भाइयों का अपहरण, डेढ़ साल के मासूम को 1.60 लाख में बेचा




कानपुर।बड़े चौराहे से सोमवार की शाम को डेढ़ साल और छह वर्षीय भाइयों का अपहरण हो गया। अपहरणकर्ता बड़े भाई को शिवराजपुर छोड़कर फरार हो गए, जबकि मासूम को 1.60 लाख रुपये में उन्नाव में दंपती को बेच दिया। कोतवाली पुलिस ने 70 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद आरोपी महिला और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। बच्चा खरीदने वाली महिला से भी पूछताछ की जा रही है।

बड़ा चौराहा पर रंग बेचने वाली जीनत और फेरी लगाकर सामान बेचने वाले शरीफ के बेटों छह साल का फरीद और डेढ़ वर्षीय शादाब का अपहरण हो गया। दोनों ने बच्चों की इधर उधर तलाश की, लेकिन उन्हें कोई जानकारी नहीं हुई। मंगलवार की दोपहर फरीद शिवराजपुर बाजार में संदिग्ध हालात में मिला। दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी। बच्चे ने पुलिस को बड़ा चौराहा और आसपास के क्षेत्र की जानकारी दी। शिवराजपुर पुलिस फरीद को लेकर कोतवाली पुलिस ले आई। कोतवाली पुलिस ने बच्चों के माता पिता की तलाश की, जिस पर देर शाम दोनों के माता पिता का पता चला।

जीनत ने फरीद से छोटे भाई की जानकारी की, जिस पर उसने अगवा करने वाली महिला और पुरुष की जानकारी दी। इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने टीम के साथ करीब 70 सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई। शिवराजपुर पुलिस ने भी आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को तलाश किया। इस दौरान स्कूटी नजर आई। उसमें महिला, पुरुष और दोनों बच्चे थे। पुलिस ने स्कूटी के नंबर के आधार पर महिला को चकेरी से गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि महिला चकेरी क्षेत्र की रहने वाली जूली रानी कुशवाहा है। उसने उन्नाव की रहने वाली महिला को 1.60 लाख रुपये में शादाब को बेचा था। महिला के शादी के 13 साल होने के बावजूद कोई संतान नहीं है। जूली रानी कुशवाहा ने उसे बच्चा बेच दिया। पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही है। उन्नाव की महिला से पूछताछ जारी है।

## दि लॉयर्स एसोसिएशन वर्ष 2025 के चुनाव में महामंत्री पद हेतु राजीव यादव नामांकन में सम्मिलित हुआ

बीपीएस न्यूज

कानपुर, लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव के दूसरे दिन मंगलवार को कई सुरक्षा के बीच प्रत्याशियों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन किया उम्मीदवारों ने जुलूस भी निकाला अधिकतर प्रत्याशियों ने जोश के साथ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाले मालाओं से लगे प्रत्याशी समर्थकों के साथ नामांकन करने जाते रहे नामांकन प्रक्रिया के दौरान महामंत्री पद हेतु राजीव यादव ने नामांकन करने उनके समर्थन में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अजय यादव अज्जू पूरे जुलूस के साथ पहुंचे नामांकन प्रक्रिया होने के बाद मुबारकबाद भेट की।

# धर्माचार्यों के उपदेश पर नहीं होना चाहिए व्यर्थ का विवाद आचार्य धीरज याज्ञिक



बीपीएस न्यूज

लखनऊ। सामाजिक परिवेश पर यदि हमारे धर्माचार्यों ने कुछ बातें कहीं तो उसपर व्यर्थ का विवाद नहीं होना चाहिए। यदि प्रेमानंद महाराज एवं अनिरुद्धाचार्य ने वर्तमान के स्थिति पर जो बातें कहीं जिसमें की लड़के लड़कियां बिना विवाह के पति पत्नी की भांति रह रहे हैं तो उनको चरित्रवान तो नहीं ही कहा जा सकता। वर्तमान समय में उक्त बातें परिलक्षित भी हो रही हैं तो ऐसी स्थिति में इस सत्य बात को समाज को स्वीकार ही करना चाहिए न की विवाद करना चाहिए। क्योंकि उपदेश करना तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों पर बोलना सन्तों और धर्माचार्यों का कर्तव्य है।उक्त बातें लखनऊ के मिश्रपुर में एक धार्मिक गोष्ठी में श्रीबज्रांग आश्रम देवली प्रतापपुर प्रयागराज के संचालक एवं विहिप जिला गंगापार वेद एवं संस्कृत प्रमुख आचार्य धीरज याज्ञिक ने कही।इस अवसर पर संतोष तिवारी, आचार्य चंद्रभूषण तिवारी, जगदीश शुक्ल, कुसुम शुक्ला, धीरज तिवारी, खुशी शुक्ला, नीरज तिवारी, शुभम तिवारी, अवनीश शुक्ल, प्रमीला तिवारी, योगेश तिवारी, कोमल तिवारी, रेखा तिवारी आदि उपस्थित रहें।

# पीडीए को घर-घर पहुंचाने का काम करेंगे कैप्टन रमेश यादव



कानपुर, समाजवादी पार्टी के सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कैप्टन रमेश यादव ने एक बयान दिया कहां की देश के पूर्व स्वर्गीय रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव का एहसान नहीं भूलेगा सैनिक बयान में कहा कि स्व नेताजी देश के रक्षा मंत्री थे समाज के लिए एवं सैनिकों के लिए अनेक किया सबसे बड़ी भूमिका रक्षा मंत्री ने निभाया जब सरहदों पर जंग होती थी तो फौजी का शव परिवार को नहीं दिया जाता था उसका अंतिम संस्कार बॉर्डर पर ही कर दिया जाता था सरहदों के बीच लेकिन जब देश रक्षा मंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव नेताजी बने सबसे पहले कानून संसद में पारित कराया की जो फौजी देश के लिए अपनी जान निछावर कर रहे हैं उनका पार्थिव शरीर उनके परिवार को भेजा जाए तब से अब तक यह कानून चलता रहा है फौजी और उनके परिवार देखो गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसी प्रकरण में आगे कहा कि नेताजी का पुत्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उनके ही सिद्धांतों पर चल रहे हैं क्योंकि उन्होंने भी आर्मी स्कूल से पढ़ाई की है अब जानते हैं की फौज में कितनी कठिनाइयों से नौकरी की जाती समाजवादी पार्टी में जातिवाद नहीं है समाजवाद है जिससे प्रेरित हो सैनिक प्रकोष्ठ पीडीए को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे साथ-साथ अपने सारे फौजियों संपर्क करके एकत्र होकर घर-घर कुंडी खटखटा आएंगे!

# दिव्यांग महागठबंधन का विधानसभा पर प्रदर्शन



कानपुर। दिव्यांग महागठबंधन के विधानसभा पर प्रदर्शन के आवाहन को देखते हुए महागठबंधन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार, अध्यक्ष मनीष प्रसाद सहित 25 जिलों के पदाधिकारियों को पुलिस ने नजरबंद कर रखा है।

आज पुलिस प्रशासन ने मुख्यमंत्री के ओ एस डी से वार्ता करवाया । प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष मनीष प्रसाद के नेतृत्व में वार्ता किया। वार्ता में जितेन्द्र वर्मा, आनन्द तिवारी, अजीत कुमार, अदनान खान, राम निहाल द्विवेदी शामिल थे।वार्ता के बाद के बाद मुख्यमंत्री ने मांगों पर ठोस कार्यवाही का भरोसा दिया है। मुख्यमंत्री के ओ एस डी से लेखपाल, मुख्य सेविका अभ्यर्थी की नियुक्ति, सीजनल संग्रह अमीनों के विनियमितिकरण, दिव्यांग पेंशन पांच हजार रुपए करने, अन्त्योदय, आयुष्मान कार्ड बनाने, आवास कि सुविधा देने की मांग रखी। जिस पर मुख्यमंत्री ने कार्यवाही का भरोसा दिया।आज दिव्यांग संगठनों के कार्यकर्ता विधानसभा सुबह 8 बजे से पहुंचने लगे थे। कुछ दिव्यांग पुलिस को चकमा देकर विधानसभा पर लोक भवन के सामने पहुंच गए। पुलिस उनको जबरदस्ती बसों में भरकर ईको गार्डन ले गयी। बहुत से दिव्यांगों को चारबाग रेलवे व बस स्टेशन से पुलिस बसों में भरकर ले गयी विधानसभा नहीं जाने दिया। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अल्पना कुमारी व दिव्यांग महागठबंधन के कोषाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा विधानसभा लोकभवन के सामने पहुंच कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। पुलिस ने जबरिया उनको टांग कर उनकी स्कुटी से उतार कर पुलिस कि गाड़ी में लाद दिया। उन्हें बैसाखी लेने का मौका नहीं दिया।महागठबंधन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने सरकार पर दिव्यांगों कि उपेक्षा का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग आत्म हत्या कर रहे हैं सरकार मुक दर्शक बनी है। लेखपाल व मुख्य सेविका अभ्यर्थियों के साथ यूपी तृपल एससी आयोग अन्याय कर रहा है। आयोग कि गलती का खामियाजा दिव्यांग अभ्यर्थी भुगत रहे हैं और आत्म हत्या कर रहे हैं।वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि हम लेखपाल व मुख्य सेविका अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने, सीजनल संग्रह अमीनों का विनियमितिकरण करने, नौकरियोंनौकरी रोजगार स्वास्थ शिक्षा सुरक्षा कि सौ फीसदी गारंटी, पेंशन पांच हजार रुपए करने, नौकरियों में आरक्षण कोटा पूरा करने सहित 27 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं ।महागठबंधन के अध्यक्ष मनीष प्रसाद ने कहा कि आज पुलिस का व्यवहार अच्छा नहीं था। पुलिस दिव्यांगों पर अपराधियों की तरह टूट पडी। हम जल्द सरकार के अन्याय के खिलाफ रणनीति बनाकर सड़कों पर उतारेंगे। कोषाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि पुलिस ने हमारे साथ बर्बरता की है हमको लोक भवन में प्रदर्शन के बाद बैसाखी तक नहीं उठाने दिया। ये सरकार दिव्यांग विरोधी है। हम अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे और अपने वोट बैंक कि ताकत के जरिए सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।आज के प्रदर्शन में कोषाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, प्रवक्ता आनन्द तिवारी, तन्मय श्रीवास्तव, अखिल उत्तर प्रदेश बधिर संघ के अदनान खान, दिव्यांग विकास सोसायटी अजीत कुमार, विकलांग कल्याण समिति मुकेश कुमार, विकलांग कल्याण एकता संगठन समिति, कांग्रेस दिव्यांग प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी, दिव्यांग विकास सोसायटी, भारती दिव्यांग सेवा समिति, विकलांग एसोसिएशन, वधिर एसोसिएशन, एसोसिएशन आफ द डेफ, डीफ एसोसिएशन लेखपाल अभ्यर्थी संघ, दिव्यांग जीवन ज्योति फाउण्डेशन आदि थे।

# भारत माता प्रतिमा, घण्टाघर पर निर्वाचित कार्यकारणी द्वारा धरना



बीपीएस न्यूज

कानपुर, गहोई वैश्य कल्याण समिति कानपुर की वर्ष 2023 में निर्वाचित कार्यकारणी नें पूर्व कार्यकारणी द्वारा पिछले 2 वर्षों में भी सत्ता हस्तांतरण न करने के विरोध में 20 जुलाई से 30 जुलाई तक काला दिवस रोष मनाया। अध्यक्ष गुलाबचंद नगरिया ने बताया कि काला दिवस समापन पर भारत माता प्रतिमा, घण्टाघर पर निर्वाचित कार्यकारणी द्वारा धरना दिया गया, जिसमें समाज के अन्य प्रबुद्ध जन भी शामिल हुये। निर्वाचित कार्यकारणी द्वारा इस बात पर रोष प्रकट किया गया कि चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से विजय हुए पदाधिकारियों को उनका कार्यभार न सौप कर तानाशाही में उनके निर्वाचन को विवादित बना दिया गया।

फर्जी वोटिंग का आरोप लगया गया जबकि जिस समय वोटर लिस्ट तैयार की जा रही थी उस समय पूर्व कार्यकारणी द्वारा अहंकार वश इसका निरक्षण नही किया गया और न ही इसके बनने में चुनाव अधिकारियों का कोई सहयोग किया गया, तदुपरांत चुनाव में भी बहुत बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया, परन्तु जब वह चुनाव हार गये तब फर्जी वोटर लिस्ट और चुनाव अधिकारियों पर साँठ-गाँठ का आरोप लगा दिया गया। संस्था का आय-व्यय का पुराना हिसाब न दे कर निर्वाचित कार्यकारणी द्वारा किये जाने वाले वैधानिक कार्यों में बाधाएं डाली गईं।

समाज के भीतर कई बार आंतरिक परिचर्चा में भी जब सत्ता हस्तांतरण नही किया गया तो निर्वाचित कार्यकारणी को सड़क पर धरना-प्रदर्शन करना पड़ा।काला दिवस धरने पर समाज के निर्वाचित अध्यक्ष गुलाब नगरिया, महामंत्री माणिक लोहिया, उपाध्यक्ष मुरारी गहोई, कोषाध्यक्ष परमानन्द कटारे, सहित कार्यकारणी के दीपक डेगरे, संजय बरसैया, राजेंद्र घूरा, मोहन नगरिया, संजय सुहाने, राजकुमार तरसौलिया, मोहन बहरे, सुधीर गहोई, अनूप नॉगरिया, गोविंद खरया, महेश गुप्ता, मयंक गहोई सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# बेसिक शिक्षा की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश, आरटीई के अंतर्गत शेष रह गए बच्चों के दाखिले पर जोर, दिव्यांग छात्रों का यूडीआईडी अगस्त में ही कराने के निर्देश



कानपुर। बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के अंतर्गत जनपद का निर्धारित लक्ष्य 7410 है, जिसके सापेक्ष अब तक 4517 बच्चों का दाखिला कराया जा चुका है। जबकि 1319 अभिभावकों ने पसंदीदा विद्यालय न मिलने के कारण दाखिले में अनिच्छा जताई है। इस पर डीएम ने शेष बच्चों का दाखिला शीघ्र कराने के निर्देश दिए। बीएसए ने बताया कि 22 विद्यालयों को एनओसी निरस्तीकरण का नोटिस दिया गया है और बच्चों का दाखिला विद्यालयों के साथ समन्वय बनाकर सुनिश्चित किया जाएगा।

बीएसए ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अब तक 25,063 बच्चों का नामांकन कराया गया है। वर्तमान में जिले के 1705 परिषदीय विद्यालयों में कुल 1.38 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इनमें से हाल ही में नामांकित 17,100 बच्चों के पास आधार नहीं है। इस पर डीएम ने डीपीआरओ से समन्वय स्थापित कर विशेष अभियान चलाकर इन बच्चों का आधार बनवाने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें डीबीटी का लाभ मिल सके।

बीएसए ने बताया कि वर्तमान में जिले के परिषदीय विद्यालयों में 4077 दिव्यांग बच्चों का नामांकन है, जिनकी औसत उपस्थिति 61 प्रतिशत है। उपस्थिति 'समर्थ' एप के माध्यम से होती है। इनमें से करीब दो हजार बच्चों का ही यूडीआईडी जनरेट हो पाया है। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए शेष सभी बच्चों का यूडीआईडी अगस्त माह में ही जनरेट कराने के निर्देश दिए।डीएम ने जर्जर विद्यालय भवनों को चिन्हित कर उनका मूल्यांकन कराने तथा नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएसआर और जनसहभागिता के माध्यम से विद्यालयों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने हेतु विशेष अभियान चलाने को कहा। बीएसए ने बताया कि 187 पेयरड विद्यालयों में से 101 विद्यालयों को आईसीडीएस को उपलब्ध करा दिया गया है। इस वित्तीय वर्ष में 30,812 बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पोषण समिति की बैठक में मातृ वंदन योजना में लापरवाही पर डीएम ने जतायी नाराजगी

बेसिक शिक्षा समीक्षा के उपरांत जिलाधिकारी ने जिला पोषण समिति की बैठक करते हुए ।पीएम मातृ वंदन योजना के अंतर्गत टीकाकरण में लापरवाही बरतने पर शिवराज पुर ,ककवन तथा रायपुरवा एवं हरजिंदर नगर में सिटी 2 के अंतर्गत चिन्हित सैम बच्चों को दवा वितरण का करने के दृष्टिगत लापरवाही बरतने के कारण हरजिंदर नगर एमओआईसी से स्पष्टीकरण तलब किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पतारा, बिल्हौर, ककवन और शिवराजपुर में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा परियोजना कार्यालयों का निर्माण कार्य रुका हुआ है, जिसका कारण धनाभाव बताया गया। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए यूटिलिटी सर्टिफिकेट भेजते हुए रुके कार्य प्रारंभ करन हेतु शासन से धन आबंटन हेतु यथा शीघ्र पत्र भेजने के निर्देश दिए।

डीपीओ प्रीति सिन्हा ने बताया कि जनपद में कुल 79 लर्निंग लैब स्थापित होनी हैं, जिनमें से 21 लैब सभी 18 मानकों पर संतृप्त हो चुकी हैं। पोषण ट्रैकर एप पर अब तक 1,07,309 लोगों का फेस कैप्चर और ई-केवाईसी पूर्ण की जा चुकी है। बैठक में डीएम ने संभव अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, जिला विकास अधिकारी आलोक कुमार सिंह, डीपीआरओ मनोज कुमार, डीपीओ प्रीति सिन्हा, बीएसए सुरजीत कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद रमाशंकर राजभर द्वारा तेली समाज के विरुद्ध आपत्तिजनक भाषा इस्तेमाल करने के विरोध में दिया ज्ञापन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सलेमपुर 71 लोकसभा के सांसद रमाशंकर राजभर द्वारा तेली समाज के विरुद्ध आपत्तिजनक भाषा इस्तेमाल करने के विरोध में भारतीय तैलिक साहू राठोर महासभा उत्तर प्रदेश कानपुर महानगर की टीम ने डॉक्टर वी के साहू प्रदेश महामंत्री भारतीय तैलिक साहू राठोर महासभा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिला अधिकारी कानपुर के द्वारा लोकसभा अनुशासन समिति लोकसभा नई दिल्ली भारत को संबोधित करते हुए अपना ज्ञापन देकर तेली समाज को उनके इस वक्तव्य से गहरा आक्रोश व्याप्त है।

पत्र के माध्यम से सपा सांसद रमाशंकर राजभर पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर कानपुर उत्तर के जिला अध्यक्ष स्वस्तिक कृष्णन साहू, कानपुर दक्षिण जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र साहू, एडवोकेट जेके साहू, एडवोकेट सचिन साहू, एडवोकेट अमित साहू, एडवोकेट चंद्रेश साहू, एडवोकेट अनिल गुप्ता, वीरेंद्र राठौर, पृथ्वी पाल साहू, आनंद गुप्ता, पदम साहू, सुधीर साहू, संदीप साहू, शंकर लाल साहू, अंकुर, राजू प्रधान, सी के साहू, शारदा प्रसाद सहित भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा कानपुर के दर्जनों पदाधिकारी एवं समाज के स्वजाती बंधु मौके पर उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी के कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, नमो नमो मोर्चा भारत के प्रदेश अध्यक्ष डॉ वी के साहू ने बताया की सलेमपुर के सपा सांसद रामशंकर राजभर ने तेली समाज को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट की थी जिसको संज्ञान में लेकर पूरे प्रदेश का तेली समाज आक्रोशित है और प्रदेश के समस्त जनपदों में सांसद के वक्तव्य को लेकर डीएम कार्यालय में ज्ञापन एवं विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं।आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव मेंसमाजवादी पार्टी को अपने सांसद के कृत का भारी नुकसान उठाना पड़ेगा उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव से अपने सांसद पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की भी मांग की।

# अमेरिका द्वारा टैरिफ घोषणा पर कानपुर में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन




कानपुर। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर 25त्न टैरिफ लगाने की घोषणा पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में कानपुर के कांग्रेसजनों ने मेस्टन रोड में सत्याग्रह करते हुए मोदी सरकार से भारत के सम्मान अनुरूप जवाब देने की मांग करी। डॉनल्ड ट्रंप होश में आओ मोदी जी जवाब दो के नारे लगे। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा अमरीका की तारीफ ही तारीफ में भारत पर टैरिफ लग गया और हाउडी मोदी और नमस्ते ट्रंप का कोई फायदा नहीं हुआ। ट्रंप ने कई बार दावा किया कि उन्होंने युद्धविराम करवाया और इसलिए करवाया था ताकि भारत-अमेरिका के बीच में अच्छा व्यापार समझौता हो। लेकिन वो नहीं हुआ उल्टा घोषणा करी कि 25त्न टैरिफ लगेगी और पेनल्टी भी लगेगी।और उल्टा रूस जैसे देशों से खरीद न करने की भी अप्रत्यक्षक शर्तें रख रहा है। भारत में आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान के जनरल को अमरीका भोजन पे आमंत्रित कर रहा है। अमरीका लगातार भारत का अपमान कर रहा है और मोदी जी चुप हैं। मांग की गई कि भारत सरकार सुनिश्चित करे कि व्यापार का नुकसान न हो और भारत के सम्मान और संप्रभुता भी स्थापित रहे।महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष हर प्रकाश अग्निहोत्री, हरीश बाजपई, निजामुद्दीन खान, शंकर दत्त मिश्रा, नदीम सिद्दीकी, पदम मोहन मिश्रा, रितेश यादव, इकबाल अहमद, राकेश साहू, आनंद शुक्ला, शंकर राय, अजय श्रीवास्तव शीलू, ओम तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, इजहारुल अंसारी, इकबाल अहमद, राज लक्ष्मी, रवि किशन भारती, अब्दुल जब्बार, हाजी जलील, रोशनी चौधरी, फुजैल अंसारी, नूर आलम, अमिताभ मिश्रा, हमजा निहाल, जितेंद्र गिरी, आजाद बौद्ध, अमरनाथ वाल्मीकि, विनोद अवस्थी, छेदीलाल, उमा शंकर तिवारी आदि थे।

# रेलबाजार में चोरों का आतंक: 12 घंटे में तीन सनसनीखेज चोरियां, थानाध्यक्ष बहादुर सिंह की बहादुरी को खुली चुनौती

बीपीएस न्यूज/राजेन्द्र केसरवानी

कानपुर। रेलबाजार थाना क्षेत्र में चोरों ने ऐसा कहर बरपाया है कि इलाके में दहशत का माहौल छा गया है! महज 12 घंटे के अंदर तीन सनसनीखेज चोरियों ने न केवल स्थानीय लोगों को सहमा दिया है, बल्कि थानाध्यक्ष बहादुर सिंह की बहादुरी को भी खुली चुनौती दे दी है। चोरों की बेखौफ हरकतों ने पुलिस की रात की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।मामला नंबर 1= मंदिर का घंटा चोरी, आस्था पर चोट पहली घटना ने इलाके के लोगों की आस्था को झकझोर दिया। रेलबाजार के एक प्राचीन मंदिर से चोरों ने रात के अंधेरे में पवित्र घंटा चुरा लिया। मंदिर के पुजारी और श्रद्धालुओं में इस घटना से गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि चोरों ने न केवल मंदिर की संपत्ति को निशाना बनाया, बल्कि उनकी धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई है।मामला नंबर 2= दूसरी वारदात में चोरों ने स्थानीय निवासी मनीष के इलेक्ट्रॉनिक ऑटो के चार्जर पर हाथ साफ कर दिया। मनीष, जो अपने ऑटो से परिवार का गुजारा चलाते हैं, इस चोरी से बुरी तरह परेशान हैं। उनका कहना है, यह चार्जर मेरे रोजगार का आधार था। चोरों ने मेरा नुकसान तो किया ही, अब ऑटो चलाने में भी दिक्कत हो रही है।मामला नंबर 3= तीसरी और सबसे चौंकाने वाली घटना दिन के उजाले में हुई, जब बेखौफ चोरों ने एक कबाड़ से लदी ट्रॉली से इलेक्ट्रॉनिक काटा चुरा लिया। यह वारदात इतनी साहसिक थी कि स्थानीय लोग अब दिन में भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कबाड़ी भूरे ने बताया, दिनदहाड़े चोरी होना दिखाता है कि चोरों में पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है।इन सनसनीखेज चोरियों ने रेलबाजार थाने के थानाध्यक्ष बहादुर सिंह के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। क्या वे चोरों के इस आतंक को रोक पाएंगे और इलाके में शांति बहाल कर पाएंगे? जनता की निगाहें अब पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि पुलिस सुरक्षा की सख्त मांग है कि इलाके में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की जरूरत और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की अपील रेलबाजार में चोरों का यह बेखौफ तांडव कब थमेगा? क्या थानाध्यक्ष बहादुर सिंह अपनी बहादुरी का लोहा मनवाने में कामयाब होंगे?

# सिविल डिफेंस थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों के लिए लगाएगा रक्तदान शिविर




बीपीएस न्यूज

कानपुर। सिविल डिफेंस प्रखंड कृष्णा नगर की बैठक उप नियंत्रक मा0 शिवराज सिंह के दिशा निर्देशन एवं सहायक उप नियंत्रक प्रवीण वर्मा के मार्गदर्शन में डिविजनल वार्डन सीमा अग्रवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय गांधीग्राम में की गई।

इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रखंड के स्टाफ अफसर सुखबीर सिंह मलिक ने उपस्थित सभी वार्डन एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया।

बैठक में बताया गया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर आगामी 6 सितंबर को थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों के लिए एक रक्तदान शिविर का आयोजन प्रखंड कृष्णानगर में किया जाना है। जिसके सफल आयोजन हेतु बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें तय किया गया कि अन्य संस्थाओं एवं नागरिकों का सहयोग लिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त डिवीजन में खाली पदों को शीघ्र भरने एवं नवीनीकरण तथा अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में सहायक उप नियंत्रक प्रवीण वर्मा, सीमा अग्रवाल, सुखबीर सिंह मलिक, आयकर अधिकारी शरद प्रकाश अग्रवाल, भुवनेश भट्टाचार्य, सुशील बाजपेई, प्रेम शंकर अग्निहोत्री, अरविंद चौधरी, हरिहर, हरीश कुमार, मनोज स्वयं कुमारआदि अन्य वार्डन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का ऐलान

**बेस्ट एक्टर-** शाहरुख खान (जवान), विक्रांत मैसी (12वीं फेल)

**बेस्ट अभिनेत्री-** रानी मुखर्जी ('मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे')

**बेस्ट फीचर फिल्म-** 12वीं फेल

**बेस्ट हिंदी फिल्म-** कटहल

**बेस्ट डायरेक्टर-** सुदीप्तो सेन (द केरला स्टोरी)

**बेस्ट फिल्म क्रिटिक-** उत्पल दत्ता

**बेस्ट कोरियोग्राफी-** रॉकी और रानी की प्रेम कहानी

**बेस्ट डायरेक्शन (नॉन फीचर फिल्म)-** द फर्स्ट फिल्म

**बेस्ट शॉर्ट फिल्म (नॉन फीचर फिल्म)-** गिद्ध द स्कवेंजर

**बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर-** शिल्पा राव('जवान' के गाने 'चलेया')

**बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर-** पीवीएम एस रोहित (बेबी)

**बेस्ट स्टंट कोरियोग्राफी (तेलुगु फिल्म)-** हनुमान

**बेस्ट सिनेमैटोग्राफी-** द केरला स्टोरी


**बेस्ट डॉक्युमेंट्री-** गुड वल्चर एंड ह्यूमन

**बेस्ट साउंड डिजाइन-** एनिमल

**बेस्ट मेकअप -** सैम बहादुर



# कांग्रेस पर शाह का निशाना, पोक आपने दिया, लेकिन लेने का काम हम करेंगे



गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा में बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर) पाकिस्तान को दिया लेकिन भाजपा सरकार उसे वापस लेगी। पहलगाम हमले पर बोलते हुए शाह ने कहा कि इस तरह के बर्बर अपराध कभी नहीं हुए, जहां लोगों को महिलाओं, बच्चों के सामने मारने से पहले उनका धर्म पूछा गया। उन्होंने कहा कि पहले हम सिर्फ डोजियर भेजते रहे, लेकिन नरेंद्र मोदी ने उन्हें (पाकिस्तान को) एयरस्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दियाज्खौफ पैदा हो गया।

अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर यह कांग्रेस के राज में हुआ होता, तो विदेश मंत्रालय बयान जारी करता। हम ब्रह्मोस मिसाइल भेजते हैं, डोजियर नहीं। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने देश पर सबसे लंबे समय तक शासन किया, लेकिन प्रमुख सुरक्षा खतरों पर कार्रवाई करने में विफल रही। उन्होंने कहा, हमें आतंकवाद, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर में उग्रवाद का सामना करना पड़ा - और उन्होंने कुछ नहीं किया। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर कोई घोषित युद्ध नहीं था, बल्कि भारत के आत्मरक्षा के अधिकार के तहत एक प्रतिक्रिया थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने युद्धविराम की भीख माँगी और हमने रोक दिया। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप थी।

अमित शाह ने संसद में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और उस पर जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 और 35ए को कांग्रेस ने समर्थन दिया और इसी ने घाटी में अलगाववादी सोच को जन्म दिया। उन्होंने आगे कहा कि यही अलगाववाद बाद में स्वतंत्र राज्य की मांग में बदल गया, जो बाद में कश्मीर में आतंकवाद का आधार बन गया।

उन्होंने कहा, कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण ही इन सभी आतंकवादी संगठनों को सक्रिय होने दिया गया।

शाह ने राज्यसभा में कहा कि सरकार ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को समर्थन देने वाले तंत्र को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त कर दिया है। शाह ने कहा, जमात-ए-इस्लामी जैसे समूहों ने एक गहरी जड़ें जमा ली थीं जिसने अलगाववाद और कट्टरपंथ को वैधता प्रदान की। वह तंत्र अब अस्तित्व में नहीं है। जमात-ए-इस्लामी एक सामाजिक-धार्मिक समूह, जिस पर 2019 में गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम के तहत प्रतिबंध लगा दिया गया था, पर लंबे समय से घाटी में चरमपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने और अलगाववादी उद्देश्यों का समर्थन करने का आरोप लगाया जाता रहा है। इसके हिज्बुल मुजाहिदीन के साथ घनिष्ठ वैचारिक संबंध थे और इसे धार्मिक संस्थानों, तथाकथित स्कूलों और धर्मार्थ संस्थाओं के माध्यम से युवाओं को कट्टरपंथी बनाने में सहायक माना जाता था।

शाह ने राज्यसभा में कहा कि आतंकवाद पूरी तरह खत्म तो नहीं हुआ है, लेकिन यह लगभग खत्म होने के करीब है। शाह ने कहा, अब आप पूछ रहे हैं कि क्या आतंकवाद खत्म हो गया है? कांग्रेस ने आतंकवाद की जड़ें इतनी गहरी कर दी हैं कि इसे खत्म होने में समय लगेगा। लेकिन मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि यह खत्म होने के कगार पर है। कांग्रेस के लिए एक संदेश पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आपने कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान को दे दिया, लेकिन निश्चिंत रहें, हम पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को पुन: प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# ट्यूशन टीचर ने मासूम की हथेली को मोमबत्ती से जलाया, केस दर्ज

मुंबई के मलाड इलाके से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक ट्यूशन टीचर ने खराब हैंडराइटिंग पर बच्चे को खौफनाक सजा दी है। टीचर ने मासूम की हथेली को मोमबत्ती से जला दिया। बच्चे की हाथ की हथेली बूरी तरह जल गई है। बच्चा रोता हुआ ट्यूशन से घर आया और मां को अपने जख्मों के बारे में बताया। बच्चे के परिजन ने आरोपी टीचर के खिलाफ थाने में केस दर्ज करवाया है।

मलाड से चौकाने वाली घटना बुधवार को सामने आई, जहां एक ट्यूशन टीचर ने एक बच्चे की हथेली पर मोमबत्ती जला दी क्योंकि उसकी लिखावट अच्छी नहीं थी। मलाड पूर्व के गोकुलधाम फिल्म सिटी रोड स्थित एक निजी ट्यूशन टीचर ने 8 साल के मासूम को खौफनाक सजा दी है। टीचर ने खराब

हैंडराइटिंग पर पहले बच्चे को बूरी तरह से पिटा, फिर हथेली को मोमबत्ती से जला दिया।

मासूम की पिटाई करने और उसके हाथ पर मोमबत्ती जलाने वाली आरोपी शिक्षिका राजश्री राठौड़ के खिलाफ कुरार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

शिकायत में बताया गया है कि टीचर ने चौथी कक्षा में पढ़ने वाले आठ साल के बच्चे की हथेली पर मोमबत्ती जला दी क्योंकि उसकी लिखावट अच्छी नहीं थी।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 28 जुलाई की शाम को, लड़का अपनी नियमित ट्यूशन क्लास के लिए गया था। रात करीब 9 बजे ट्यूशन टीचर (राजश्री राठौड़) ने फोन करके बताया कि क्लास खत्म हो गई है और लड़के को ले जाया जाए। इसके बाद घर वालों ने अपनी बड़ी बेटी को उसे घर लाने के लिए भेजा।

जब बच्चे की बहन वहां पहुंची तो वह बहुत रो रहा था। उसने टीचर से पूछा कि ये इतना रो क्यों रहा है? पूछने पर टीचर ने कहा कि वह पढ़ाई से ऊब गया था इसलिए रो रहा है। बच्चा घर आकर पूरी कहानी बताई। मां को अपना जला हाथ दिखाया। जिसके बाद माता-पिता ने लड़के को इलाज के लिए पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया।

इसके बाद, लड़के के माता-पिता की शिकायत पर कल शाम कुरार पुलिस स्टेशन में शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। कुरार पुलिस ने आरोपी शिक्षिका राजश्री राठौड़ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

# ट्रंप ने ठोक ही दिया भारत पर 25प्रति टैरिफ, Russia से दोस्ती की कीमत वसूलेगा अमेरिका



तीन सालों में अगर भारत रूस के संबंधों पर नजर डालेंगे तो ये और भी मजबूत हुआ है। भारत और रूस के बीच व्यापारिक साझेदारी बड़े स्तर पर बढ़ी है। इसको लेकर पश्चिमी देश की बौखलाहट और भी बढ़ गई है। जिसता नतीजा अब बयानबाजी से इतर एक्शन से भी नजर आने लगा है। आखिरकार अमेरिका की तरफ से रूस से तेल खदीद को लेकर भारत के खिलाफ कदम उठा लिया गया है। अमेरिका ने भारत पर टैरिफ लगाया है। अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि याद रखें, भारत हमारा मित्र तो है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हमने उसके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है क्योंकि उसके टैरिफ बहुत ज़्यादा हैं, दुनिया में सबसे ज़्यादा, और किसी भी देश की तुलना में उसके यहाँ सबसे कठोर और अप्रिय गैर-मौद्रिक व्यापार प्रतिबंध हैं।ट्रंप ने अपने पोस्ट में कहा कि इसके अलावा, उन्होंने हमेशा अपने अधिकांश सैन्य उपकरण रूस से ही खरीदे हैं, और चीन के साथ, वे रूस के ऊर्जा के सबसे बड़े खरीदार हैं, ऐसे समय में जब हर कोई चाहता है कि रूस यूक्रेन में हत्याएँ रोके - सब कुछ ठीक नहीं है! इसलिए भारत को पहली अगस्त से 25त्न टैरिफ और उपरोक्त के लिए जुर्माना देना होगा। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन। आपको बता दें कि इससे पहले ट्रंप एयरफोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वहां एक रिपोर्टर ने उनसे पूछा कि क्या भारत खुद को अमेरिका के बढ़े हुए टैरिफ के लिए तैयार कर रहा है। इस पर ट्रंप ने जवाब दिया कि मुझे ऐसा लगता है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि भारत को लेकर अभी तक कुछ फाइनल नहीं है। लेकिन 20 से 25त्न तक का टैरिफ भारत पर लग सकता है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक, भारत पारंपरिक रूप से मध्य पूर्व से तेल प्राप्त करता था, लेकिन जब रूस ने वैकल्पिक खरीदारों को आकर्षित करने के लिए भारी छूट देना शुरू किया, तो उसने बड़ी मात्रा में तेल का आयात शुरू कर दिया। मास्को ने यह कदम फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर विभिन्न पश्चिमी देशों द्वारा प्रतिबंधों का सामना करने के बाद उठाया है। रूस और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भारत की निकटता के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि नई दिल्ली के संबंध कई मानदंडों पर आधारित हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में 196 प्रकरणों में 15 का हुआ मौके पर निस्तारण



कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सदर तहसील स्थित मर्चेंट चेंबर ऑफ कॉमर्स के ऑडिटोरियम में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान 196 प्रकरण आए जिसमें से 15 का मौके पर निस्तारण हो गया। डीएम ने शेष लंबित एवं जटिल प्रकरणों का निस्तारण संपूर्ण समाधान दिवस के शासनादेश में उल्लिखित 7 दिन की अवधि के भीतर करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण शासन की मंशानुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण किया जाए। इसकी मॉनिटरिंग वे स्वयं करेंगे। जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही क्षम्य नहीं होगी।अर्चना सिंह पत्नी अशेष सिंह निवासी 1655 राजेन्द्र नगर नौबस्ता कानपुर नगर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में आराजी सं0 130 ग्राम कुरौना बहादुर नगर में दाखिल खारिज आदेश 25.06.2025 का अमलदरामद खतौनी में कराने का अनुरोध किया गया है। तत्कम में खतौनी में परवाना क0 12303 का अमलदरामद करा दिया गया है।हवलदार खान पुत्र स्व0 तस्वीर खान निवासी ग्राम कैंधा कानपुर नगर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र राशन कार्ड में यूनिट बढाये जाने के सम्बन्ध में शिकायत की गयी, जिसके कम में इनके प्रार्थना पत्र पर जिला पूर्ति अधिकारी कानपुर नगर द्वारा तत्काल यूनिट बृद्धि करा दी गयी है।संगीता पत्नी मुखिया निवासी ग्राम कँधा कानपुर नगर के प्रार्थना पत्र पर जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा राशन कार्ड में यूनिट की वृद्धि कर दी गयी है।कुलदीप कुमार गुप्ता निवासी 13/144 परमट कानपुर नगर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर शिकायत की गयी कि मेरे राशन कार्ड में कोटेदार ओम प्रकाश कनौजिया कृष्णानगर के साथ जुड गया है जिसे निरस्त कर दिया जाये। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा मौके पर ही ऑनलाइन उक्त दुकान से प्रार्थी का नाम डिलीट कर दिया गया है।आरती चौरसिया पत्नी रतन कुमार निवासी हंसपुरम नौबस्ता कानपुर नगर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र ग्राम चकेरी आराजी सं0 405 पर वरासत किये जाने का अनुरोध किया गया है। जिसके कम में आवेदिका के वरासत आनलाइन आवेदन का अंकन खतौनी में कर दिया गया है।रामसेवक वर्मा पुत्र नाथूराम निवासी नौबस्ता पश्चिम द्वारा राशनकार्ड बनाये जाने का अनुरोध किया गया है तत्कम में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा इनके ऑनलाइन आवेदन पर राशन कार्ड जारी कर दिया गया है।

हरजाना बेगम निवासी बाकरगंज कानपुर नगर द्वारा राशन कार्ड में यूनिट बढाये जाने का अनुरोध किया गया है जिसके कम में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा इनके ऑनलाइन आवेदन पत्र पर यूनिट बढा दिये गये है।इस्किा सिंह पुत्री महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मेहरबान सिंह का पुरवा कानपुर नगर द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध किया गया है जिसके कम में आनलाइन आवेदन पत्र पर क्षेत्रीय लेखपाल से आख्या प्राप्त कर जाति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है।आने वाले शिकायतों में सर्वाधिक राजस्व विभाग से 53, पुलिस से 44, नगर निगम से 26, केस्को 08, बेसिक शिक्षा से 11, केडीए से 16, आपूर्ति से 09, समाज कल्याण से 4 व शेष प्रकरण अन्य विभागों से संबंधित हैं। डीएम ने कहा कि ऐसे कई प्रकरण हैं जिनमें सभी पक्षकारों को सुनना आवश्यक है। ऐसे प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाएगी और सभी पक्षों को सुनने के बाद उसका निराकरण करेगी। उल्लेखनीय है कि संपूर्ण समाधान दिवस के शासनादेश के अनुसार न्यूनतम 5 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण करने की अपेक्षा की गई है।इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर अनुभव सिंह, सीएमओ डॉक्टर हरिदत्त नेमी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# कांवड़ियों से झगड़े के बाद सीआरपीएफ जवान की हत्या, किया गया तीन आरोपियों को गिरफ्तार



हरियाणा के सोनीपत में 28 जुलाई को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। कुछ दिन पहले ही हरिद्वार में कांवड़ यात्रा के दौरान अपने ही गाँव के कुछ लोगों के साथ हुए झगड़े में उसका हाथापाई हुई थी। जवान कृष्ण कुमार की हत्या के सिलसिले में तीन आरोपियों को आज गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जवान कृष्ण लगभग 30 साल का था और छुट्टी पर था। सोमवार तड़के घर लौट रहे कृष्ण पर गोली चलाने के बाद दोनों संदिग्ध फरार हो गए।

स्थानीय पुलिस अधिकारी इंस्पेक्टर लाल सिंह ने बताया, कुछ दिन पहले कांवड़ यात्रा के दौरान गाँव के कुछ युवकों का उससे झगड़ा हो गया था। उनकी पहचान कर ली गई है। कृष्ण की हत्या की साजिश कथित तौर पर हरिद्वार तीर्थयात्रा पर जाने से पहले ही रची गई थी। पुलिस ने इंडिया टुडे टीवी को बताया कि कृष्ण के अलावा, आरोपियों ने आनंद उर्फ पहिया नामक एक और व्यक्ति की हत्या की भी योजना बनाई थी। पुलिस ने हत्या के मामले में निशांत और अजय को मुख्य आरोपी के रूप में पहचाना है। कंवर जाने से पहले, अजय ने अपनी बिना लाइसेंस वाली बंदूक मोहित नाम के एक व्यक्ति के पास छोड़ दी थी। अजय के साथ प्रवीण उर्फ मेंढक भी शामिल था। हत्या में सागर नाम के एक व्यक्ति की कार का इस्तेमाल किया गया था। अजय और निशांत, सागर की कार से खेड़ी दमकन गाँव गए। अजय और निशांत ने घटनास्थल से भागने से पहले कृष्ण की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कार चालक सागर, प्रवीण उर्फ मेंढक और मोहित को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी निशांत और अजय अभी भी फरार हैं। मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया और एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

# प्रज्ञा ठाकुर ने किया खुलासा, मालेगांव ब्लास्ट में मोदी का नाम ले लो तो पीटेंगे नहीं, तुम्हें छोड़ देंगे





2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में विशेष एनआईए अदालत द्वारा प्रज्ञा ठाकुर को बरी किए जाने के कुछ दिनों बाद, पूर्व भाजपा सांसद ने एक चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें फ्रप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और अन्य के नाम लेने के लिए मजबूर किया गया और प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कहा कि मैंने सब कुछ लिखित में दे दिया है और उन सभी के नाम भी बताए हैं जिनका नाम लेने के लिए मुझे मजबूर किया गया था। वे कहते रहे, 'इन लोगों के नाम बताओ तो हम तुम्हें नहीं मारेंगे।' उनका मुख्य उद्देश्य मुझे प्रताड़ित करना था।तत्कालीन यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए प्रज्ञा ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस झूठे मामले के पीछे है, जो भगवा और सशस्त्र बलों को बदनाम करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। इसे धर्म की जीत बताते हुए प्रज्ञा ने कहा, कांग्रेस ने अपनी साजिश के तहत यह झूठा मामला दर्ज कराया। इसका कोई आधार नहीं था। कांग्रेस धर्म विरोधी है। यह आतंकवादियों को पालने वाली पार्टी है। कांग्रेस कभी राष्ट्रवादी पार्टी नहीं बन सकती। प्रज्ञा ने आगे आरोप लगाया कि उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा नहीं दी गई - बस इतना ही कि मैं किसी तरह चल सकूँ।उन्होंने आगे कहा कि इसीलिए आज मेरी यह हालत है। मैं अंदर से पूरी तरह कमज़ोर हो गई हूँ। महाराष्ट्र के मालेगांव में हुए एक शक्तिशाली विस्फोट के सत्रह साल बाद, विशेष एनआईए अदालत ने गुरुवार को ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। आतंकवाद निरोधक कानून एजेंसी पर निशाना साधते हुए विशेष न्यायाधीश ए.के. लाहोटी ने कहा कि केवल संदेह के आधार पर मामले को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा।

## खुद की कब्र खोदने को मजबूर इजरायली बंधक, परिवार ने सरकार से बचाने की अपील की

गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजरायली नागरिक एव्यातार डेविड के परिवार ने हमास पर प्रचार अभियान के तहत जानबूझकर उन्हें भूखा रखने का गंभीर आरोप लगाया है। यह बयान हमास द्वारा जारी किए गए एक वीडियो के बाद आया है, जिसमें एक कंक्रीट की सुरंग में 24 वर्षीय एव्यातार को बहुत कमजोर हालत में दिखाया गया है।

वीडियो में, एव्यातार डेविड कह रहे हैं, मैंने कई दिनों से कुछ नहीं खाया है... मुझे पीने का पानी भी मुश्किल से मिल रहा है। वह कैमरे के सामने अपनी ही कब्र खोदते हुए भी दिख रहे हैं। उनके परिवार ने इस कृत्य को जानबूझकर और निंदनीय बताया और कहा कि वे अपने प्यारे बेटे को एक जीवित कंकाल की तरह देख रहे हैं। परिवार ने इजरायली सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से एव्यातार को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने की अपील की है।इस बीच, गाजा में मानवीय संकट लगातार गहरा रहा है। हमास द्वारा संचालित गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शनिवार को क्षेत्र में कुपोषण से एक बच्चे समेत सात और लोगों की मौत हो गई। युद्ध शुरू होने के बाद से कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या 169 हो गई है।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक सम्पन्न



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।राज्य कर्मचारी संयुक्त उ0प्र0 की पुरानी पेंषन बहाली, आठवाँ वेतन आयोग के विधिवत गठन किये जाने एवं शासन व विभागाध्यक्ष स्तर पर सेवा संगठनों की मांगों को निस्तारण किये जाने हेतु तथा मुख्य सचिव, उ0प्र0 द्वारा निर्गत शासनादेष के अनुपालन में प्रत्येक माह आयोजित की जाने वाली बैठकों को नियमित रूप से आहूत करने की मांग प्रमुखता से पूर्ण कराने हेतु राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक सम्पन्न की गई, बैठक में प्रमुखता से उक्त मांग उठायी गयी।

लखनऊ आदि राज्य कर्मचारी संयुक्त उ0प्र0 के प्रदेश अध्यक्ष एस0पी0 तिवारी की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के संघ कार्यालय में प्रदेष स्तर की बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमें पूरे प्रदेष के कर्मचारियों व षिक्षकों की समस्याओं के सम्बन्ध में प्रदेष से विभिन्न संगठनों से आये पदाधिकारियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही प्रमुख रूप से कर्मचारियों की पुरानी पेंषन बहाली, आठवाँ वेतन आयोग के विधिवत गठन किये जाने एवं शासन व विभागाध्यक्ष स्तर पर सेवा संगठनों की मांगों को निस्तारण किये जाने हेतु मुख्य सचिव, उ0प्र0, शासन द्वारा प्रत्येक माह की जाने वाली बैठकों हेतु निर्गत शासनादेष का अनुपालन सभी विभागों द्वारा सुनिष्चित कराये जाने हेतु नियमित रूप से मासिक बैठकें कर्मचारी समस्याओं के निदान हेतु किये जाने की मांग सरकार से मांग की गयी। इस ओर सरकार को ध्यान देते हुए नयी भर्तियाँ कराते हुए विभागों में कर्मचारियों को दिये जा रहे अत्यधिक कार्य की समस्याओं का समाधान कराये जाने हेतु प्रषिक्षण आदि की भी व्यवस्था कराई जाय।

बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेष के संगठन मंत्री राजा भरत अवस्थी को यह जिम्मेदारी दी गयी है कि प्रदेष स्तर पर मण्डलीय मंत्रियों से सामंजय बनाते हुए जिला स्तर की इकाईयों का गठन 02 माह के अन्दर कराये जाने का कार्यभार दिया गया।

बैठक का संचालन परिषद के प्रदेश महामंत्री संजय कुमार शुक्ला ने किया। परिषद की आगामी बैठक दिनांक 24.08.2025 को निर्धारित की गयी। बैठक में प्रमुख रूप से कई विभागों के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया,जिसमें प्रमुख रूप से रामलखन,मनीष कुमार शुक्ला,नन्दलाल यादव, संजय सिंह, सुलोचना मौर्य, प्रीती सिंह सेंगर,बसंत लाल, सतीष श्रीवास्तव,धर्मेन्द्र सिंह, अमित यादव,अजय द्विवेदी, रणधीर सिंह, धर्मेन्द अवस्थी,प्रवीण भारती,चन्द्र मोहन शाह, मो0 अली मक्की, आर0पी0 मिश्रा आदि कर्मचारी नेता सम्मिलित रहें।

# खेरेपति बाबा मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायज़ा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता द्वारा थाना फीलखाना क्षेत्र अंतर्गत खेरेपति बाबा मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया।निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा इंतज़ाम बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए।मंदिर परिसर व आस–पास संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को सुव्यवस्थित रूप से नियंत्रित करने हेतु बैरिकेडिंग,

प्रवेश/निकास मार्ग एवं लाइन मैनेजमेंट दुरुस्त किया जाए। मंदिर व प्रमुख मार्गों पर ष्ष्टङ्गङ्क कैमरों की निगरानी सक्रिय रखी जाए।शांति एवं सौहार्द सुनिश्चित करने हेतु

धर्मगुरुओं, मंदिर प्रबंधन समिति एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर आपसी संवाद व सहयोग के माध्यम से पर्व के दौरान शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु निर्देशित किया। ?मौक़े पर प्रभारी निरीक्षक फीलखाना मौजूद रहे।

# कानपुर : कांशीराम ट्रामा सेंटर में अब 108 प्रकार की अत्याधुनिक जांचें न्यूनतम शुल्क पर की जाएगी

## मा0 कांशीराम चिकित्सालय में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का उद्घाटन
## आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलेगा सस्ता, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण उपचार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन द्वारा आज मा0 कांशीराम स्मारक चिकित्सालय में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का शुभारंभ किया गया ।जिलाधिकारी ने कहा यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की उस मंशा को साकार कर रही है, जिसके अंतर्गत प्राथमिक स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को उपलब्ध कराई जानी हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में संतोषजनक प्रगति हो रही है और विभाग लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।यह लैब जनपदवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है। अब 108 प्रकार की अत्याधुनिक जांचें एक ही स्थान पर, न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध होंगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। विशेष रूप से गरीब एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को इसका अधिक लाभ मिलेगा ।जिलाधिकारी ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को विशेष लाभ मिलेगा जो अब लोगों को प्राइवेट क्लीनिक से निर्भरता कम होगी।

उन्होंने कहा कि इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब अब कानपुर नगर ही नहीं, बल्कि पूरे मंडल के नागरिकों के लिए सस्ती, सुलभ और गुणवत्ता–युक्त स्वास्थ्य सेवाओं की नई पहचान बनेगी ।कम रक्त सैंपल से अधिकतम जांच

संचालन लैब से रिपोर्ट 2–3 घंटे में भी उपलब्ध होगी

रिपोर्टें तत्काल भेजी जा सकेगी जिससे सटीक निदान व त्वरित चिकित्सा हस्तक्षेप संभव होगा। इस लैब से सस्ती, सुलभ और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाओं से 1 ओपीडी पर्ची से शुरुआत होगी 108 प्रकार की जांचे जो बाहर प्राइवेट मे 25,000 तक की होती है वो अब न्यूनतम शुल्क पर आसानी से आन लाइन उपलब्ध होगी।



# कारगिल विजय दिवस समारोह पर सम्मान समारोह आयोजित

कानपुर। इंडियन वेटरन्स आर्गनाइजेशन के द्वारा 26 वा कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन अर्रा स्थित शकुंतला लॉन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया के द्वारा शहीदों की प्रतिमाओं पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।समारोह में नगर के विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया का स्वागत पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट कर किया ।मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश 26 वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है, जो भारतीय सेना के साहस, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। 1999 में ऑपरेशन विजय के तहत दुर्गम पहाड़ियों पर कब्जा दोबारा हासिल किया गया था. इस मौके पर आज हम सभी देशवासी शहीद वीरों को नमन कर रहे हैं और उनके सर्वोच्च बलिदान को याद कर रहे हैं। प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत के इतिहास में गौरव का प्रतीक बन चुका है ।यह वह दिन था जब 1999 में भारतीय सैनिकों ने बर्फ से ढकी ऊंची चोटियों और दुश्मन की लगातार गोलाबारी के बीच साहस और अटूट संकल्प के साथ कारगिल की चोटियों को फिर से हासिल किया था ।इस मौके पर वेटरन्स रमेश बाबू मिश्रा विनोद कुमार सिंह रामप्रसाद शर्मा इंद्रभान सिंह भदौरिया दिनेश शंकर पाल रविंद्र कुमार धर्मेंद्र सिंह परिहार सुरेश शर्मा पंकज तोमर कुलदीप भदौरिया फौजी बाबू सिंह बघेल जय नारायण पाल महेंद्र सिंह यादव कुंवर सिंह चौहान विजय नारायण शर्मा आदि रहे।

# सरकारी स्कूलों की दयनीय और खतरनाक स्थिति के खिलाफ कांग्रेस की बैठक, सुनवाई न होने पर आंदोलन की घोषणा

कानपुर। कानपुर के खस्ताहाल और जर्जर सरकारी स्कूलों और उनमें मजबूरी में पढ़ रहे बच्चों के लिए चिंता जाहिर करते हुए कांग्रेस ने तत्काल मुख्यमंत्री और कानपुर में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से इस मामले का संज्ञान लेते हुए सुधारात्मक कार्यवाही करने की मांग करी ।तिलक हाल में आयोजित बैठक में महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि राजस्थान में जर्जर स्कूल की छत गिरने के हादसे से योगी सरकार अभी तक चेती नहीं हैं। कानपुर में स्कूलों की जर्जर हालत है ।मीडिया की पड़ताल में भाजपा के झूठे विकास की पोल खुली है। भाजपा की सरकार में करोड़ों रुपए सरकारी स्कूलों के कायाकल्प के लिए आते हैं पर पता नहीं चलता वो पैसा कहां जाता है और क्या कायाकल्प होता है ।महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि जर्जर स्कूलों में छतों से टपकते पानी, दीवारों और छतों पे लटके सरिया, टूटे चिटके प्लास्टर, स्कूल के अंदर लंबी लंबी घास के बीच बच्चे पढ़ने को मजबूर हैं। ऐसी दयनीय और खतरनाक स्थिति के बारे में कानपुर की मीडिया की पड़ताल में पता चला। कई स्कूलों की बेहद दयनीय स्थिति है। बच्चे जीवन खतरे में डाल के पढ़ने को मजबूर हैं। पानी पीने से लेकर शौचालय में भयावह गंदगी फैली है। इस गंदगी के बीच बच्चे पानी पीने, पढ़ने,शौचालय के प्रयोग के लिए मजबूर हैं। बैठक में महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, नरेश त्रिपाठी, हर प्रकाश अग्निहोत्री,प्रतिभा अटल पाल, राजीव द्विवेदी, कृष्णदेव सिंह टिल्लू, शंकर दत्त मिश्रा, आसिफ इकबाल, रवि किशन भारती, राज लक्ष्मी सिंह, अतीक अहमद, धर्मेंद्र चौहान, अमिताभ दत्त मिश्रा, सजल तिवारी आदि थे।

सभी लोगों को रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

विज्ञापन कार्यालय-130/ 4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941

सभी लोगों को रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं




सभी लोगों को रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं







बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6–ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट–समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।